समस्त देशवासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष 22 वर्ष, अंक 41 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित


नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 08 मार्च 2023

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग

हं ★ क्षं

परमात्म अनुभूति का सर्वोच्च मार्ग




## होली की हार्दिक शुभकामनाएं

किसी भी नाम व रूप में निहित सत्य को समझने के लिए क्रियायोग ध्यान सर्वश्रेष्ठ श्रोत है। क्रियायोग के अभ्यास से होली व होलिका में निहित सद्भाव व सद्विचार का ज्ञान होता है। इस ज्ञान की अनुभूति से यह स्पष्ट होता है कि परब्रह्म के अलावा और कुछ भी नहीं है। परब्रह्म ही दृश्य व अदृश्य रूप में सुशोभित हैं।

होलिका पर्व के विषय में जो कथा प्रचलित है, वह शास्त्रों की गलत व्याख्या के कारण है। नरसिंहावतार का अभिप्राय है अहिंसा के उच्चतम् अस्तित्व की अनुभूति जिसमें मनुष्य (नर) व सिंह दोनों के बीच ऐसी अद्भुत मित्रता का बोध होता है जैसे आग व आग के अंदर की गर्मी का । इस अहिंसा की अनुभूति से मृगमरीचिका समाप्त हो जाती हैं। मृगमरीचिका का अभिप्राय है जब हम सत्य को असत्य व अहिंसा को हिंसा मानते है। हिरण्यकश्यप का अभिप्राय मृगमरीचिका के भाव से आच्छादित (ढका) होना है। क्रियायोग ध्यान से नरसिंहावतार (अहिंसा) का उच्चतम् स्वरूप अनुभव होते ही मृगमरीचिका दूर हो जाती है।

क्रियायोग ध्यान से मनुष्य प्रकृष्ट आनन्द (प्रहलाद्) अनुभव करता है। फलस्वरूप वह माया के बंधन से मुक्त हो जाता है। इस संदेश में होली व होलिका की संक्षिप्त व्याख्या है। इस व्याख्या को समझने के लिए क्रियायोग ध्यान की आवश्यकता है। क्रियायोग ध्यान क्या है, यह समझने के लिए क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में आकर इसका अभ्यास करें।



वर्तमान समय आरोही द्वापर का 323 वां वर्ष है। कलियुग 1600 ई0 में बीत गया है।

## खबर संक्षेप

### व्यापारी के मकान से लाखों की चोरी

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सरायतकी निवासी पीयूष त्रिपाठी के सूने मकान का ताला तोड़ चोरो ने लाखों के जेवरात व नगदी समेट कर चम्पत हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है कुछ लोगो को पूछताछ के लिए उठाया भी गया है। फूलपुर जम्हूवा निवासी पीयूष त्रिपाठी कपड़ा व्यापारी है। झूंसी के सरायतकी में मकान बना कर रहते है। सोमवार की शाम पीयूष परिवार के साथ मानगढ़ कृपालु महाराज मंदिर गए हुए थे घर में ताला बंद था चोरों ने ताला तोड़ अंदर रखे करीब पचास लाख के जेवरात व तीन लाख नगद व अन्य घरेलु समान समेट कर फरार हो गए। मंगलवार की सुबह जब पीयूष त्रिपाठी परिवार के साथ घर पहुंचे तो घर के गेट का ताला टूटा देख दंग रह गए अंदर जाने पर देखा की अलमारी टूटी हुई है और अंदर सारा सामान बिखरा हुआ है पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खगाला साथ ही कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

# पुलिस सुरक्षा के बीच हुआ उमेश पाल हत्या कांड के आरोपी विजय उर्फ उस्मान का अंतिम संस्कार

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** पुलिस मुठभेड़ में सोमवार की भोर में कौंधियारा में मारे गए उमेश पाल हत्या के शूटर विजय उर्फ उस्मान चौधरी का मंगलवार के दिन पोस्टमार्टम के बाद घूरपुर के सुजावन देव घाट पर प्रशासनिक अधिकारियों व भारी पुलिस सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

बताते चलें कि 24 फरवरी को विधायक राजू पाल हत्या कांड के गवाह उमेश पाल और दो गनरो की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी । घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी । जिसमे सबसे पहले गोली चलाने वाले कौंधियारा थाना क्षेत्र के लाला कापूरा भमोखर गांव निवासी विजय उर्फ उस्मान चौधरी स्पस्ट दिखाई दिया था। घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था । सोमवार की भोर क्राइम ब्रांच के साथ कई थानों की फोर्स उसकी तलाश में थी तभी विजय उर्फ उस्मान पुलिस के सामने आ गया और पुलिस पर फायरिंग झोंकने लगा । पुलिस टीम ने बचाव करते हुए जवाबी कार्रवाई की तो विजय को गोली लग गई और वह गिर गया। पुलिस उसे एसआरएन ले गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था । मंगलवार की दोपहर बाद पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजन उस्मान के शव को लेकर घूरपुर के सुजावन देव घाट पहुंचे जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस बीच स्थानीय प्रशासन के साथ जिले के पुलिस अधिकारी व सुरक्षा की दृष्टि से कई थानों की पुलिस फोर्स मुस्तैद रही।



विजय उर्फ उस्मान के अंतिम संस्कार में शामिल पिता और पत्नी समेत रोते बिलखते परिजन

### अंतिम संस्कार परिजन मनैया में कराना चाहते थे पुलिस ने करवा दिया घूरपुर

विजय उर्फ उस्मान के पिता वीरेंद्र चौधरी सहित अन्य परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए फड़ास निकालते हुए कहा कि बेटे का अंतिम संस्कार करछना के मनैया घाट पर कराना था। नाते रिश्तेदार भी उसी घाट पर पहुचे थे। लेकिन अंतिम समय में पुलिस मनमानी करते हुए शव घूरपुर लेकर चली आईं जिससे कई परिजन सहित रिश्तेदार अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हों सके।

### घाट पर पहुंचते ही पिता समेत पत्नी रोते हुए कई बार हुए मूर्छित

विजय उर्फ उस्मान का शव अन्तिम संस्कार के लिए जैसे सुजावन देव यमुना घाट पर पहुंचा तो पिता वीरेंद्र चौधरी, व पत्नी सुहानी सहित अन्य परिजन एक दूसरे से लिपट कर रोने बिलखने लगे और पिता व पत्नी कई बार गश खाकर जमीन पर गिर गए। मौजूद अन्य परिजन संभालने में लगे रहे। परिजन पुलिस पर तमाम तरह के आरोप लगाते रहे।

# नही रहे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. कृष्ण बिहारी मिश्र

अखंड भारत संदेश

**आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के थे शिष्य, कोलकाता स्थित अपने निवास पर ली अंतिम सांस, बड़े बेटे कमलेश मिश्र ने साझा की निधन की खबर**



**प्रयागराज।** पद्मश्री से सम्मानित हिंदी के प्रख्यात साहित्यकार कृष्ण बिहारी मिश्र का 90 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया है । कृष्ण बिहारी मिश्र ने 6 और 7 मार्च की मध्य रात्रि करीब एक बजे अंतिम सांस ली । कृष्ण बिहारी मिश्र के निधन से साहित्य जगत में शोक की लहर दौड़ गई। सीएमपी पीजी के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष और हिंदी साहित्य में परास्नातक करन सिंह परिहार बताते है कि उत्तर प्रदेश के बलिया स्थित बलिहार गांव में बबुना देवी और घनश्याम मिश्र के घर जन्में कृष्ण बिहारी मिश्र अपने माता-पिता के इकलौते संतान थे । गांव की पाठशाला में उनका शुरूआती पठन-पाठन हुआ। गोरखपुर के मिशन स्कूल , काशी हिंदू विश्वविद्यालय और कोलकाता विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा हासिल की । आचार्य विश्वनाथ प्रसाद मिश्र , आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी , आचार्य नंददुलारे वाजपेई और आचार्य चंद्रबली पांडेय जैसे विद्वानों का सानिध्य उन्हें प्राप्त हुआ । इन्होंने पत्रकारिता , ललित निबंध संग्रह , विचार प्रधान निबंध संग्रह , जीवनी और संस्मरण हिंदी साहित्य को प्रदान किया है । साहित्य जगत के लिए यह अपूर्ण क्षति है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अंतर्गत सभागार, में कार्यक्रम का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में कार्यक्रम का आयोजन न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इलाहाबाद संतोष राय की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में डॉ. ईशान्या राज नैदानिक मनोचिकित्सक द्वारा महिलाओं के मनोविज्ञान से संबंधित बातों को बताते हुए उनके उत्थान के बारे में समझाया गया। श्रीमती रश्मि सिंह अपर परिवार न्यायाधीश द्वारा महिला सशक्तिकरण के बारे में बताया गया। डॉ. लकी स्पेशल सीजीएम द्वारा समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के लिए महिलाओं को जागरूक करते हुए उनके बचाव व सुरक्षा के उपाय बताएं। श्रीमती मनाली चंद्रा अपर सिविल जज द्वारा महिलाओं के प्रति समाज में फैली हुई बुराइयों से अवगत कराते हुए उनके बचाव के बारे में बताया। संसृति सिंह द्वारा महिला जागरूकता के बारे में अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन कृष्ण कुमार एडीजे ने किया।कार्यक्रम के अंत में निशा झा नोडल अधिकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार इलाहाबाद द्वारा सभागार में उपस्थित समस्त लोगों को धन्यवाद देते हुए महिलाओं के प्रगतिशील होने का आह्वान करते हुए महिला सशक्तिकरण बारे में बताया गया। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संतोष राय द्वारा सभागार में उपस्थित समस्त महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराते हुए पौधे देकर उन्हें सम्मानित किया। ईसके साथ ही अपने क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाली महिलाओं डॉक्टर ईशान्या राज, श्रीमती अल्पना श्रीवास्तव, अर्पिता चक्रवर्ती, संसृति सिंह, रितु कुमारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारी गण व कर्मचारी उपस्थित रहे। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज सुभाष चंद्र मौर्य ने दी।




## श्रद्धांजलि देने पहुंचे पूर्व मंत्री एवं विधायक

**सहसों।** क्षेत्र के रूदापुर गाव निवासी सपा के प्रदेश सचिव आशुतोष तिवारी की मां के निधन से उनके आवास पर पहुंचकर प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग व पूर्व एम एल सी राजपाल कश्यप, पूर्व सांसद नागेंद्र पटेल, पूर्व मंत्री इन्दु प्रकाश मिश्र, पूर्व सासंद धर्मराज पटेल, एम एल सी डा. मान सिंह यादव, विधायक संदीप पटेल, विधायक हाकिम लाल बिन्द, विधायक विजमा यादव, विधायक गीता पासी, पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना, पूर्व जिलाध्यक्ष पंधारी यादव, पूर्व अध्यक्ष कृष्णमूर्ति, विधायक मेजा संदीप पटेल, विधायक हाकिम लाल बिन्द,पूर्व विधायक मुस्तफा सिद्दीकी, पूर्व प्रमुख संदीप यादव, दुथ नाथ पटेल, राकेश बहादुर सिंह, ब्लाक प्रमुख शशांक मिश्र, प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव डब्बू आदि गणमान्य व्यक्ति सहित क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# मेजा में मछुआरे की मौत में हत्या का मुकदमा दर्ज

**पुलिस की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मेजा के बिजौरा के लापता युवक के मिले शव के मामले में मृतका की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुँचतें ही स्वजनों की चीख पुकार सुनकर हर किसी की आँखें नम हो गई।पुलिस ने जल्द ही आरोपितों पर कार्यवाही करने का आश्वासन देते हुए शव का स्थानीय गंगाघाट पर अंतिम संस्कार करा दिया। घटना को लेकर मृतक के स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मेजा थाना क्षेत्र के बिजौरा निवासी बबलू निषाद बीते गुरुवार की सुबह मछली मारने के लिए छटवा गंगाघाट गया हुआ था।

**गंगा नदी में उतराता मिला था शव :** लेकिन देर शाम तक वह घर नहीं लौटा तो स्वजनों ने खोजबीन शुरू किया। फिर भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका। वहीं चार दिनों बाद उकग घाट पर रविवार को गंगा नदी में बबलू का उतराता शव देखा गया। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया। सोमवार की रात मृतक का शव घर पहुंचते ही स्वजनों में कोहराम मच गया।

**पुलिस बोली- आरोपी जल्द गिरफ्तार होंगे :** हंगामे की आशंका को लेकर सिरसा चौकी प्रभारी जगदीश सिंह पुलिस बल समेत मृतक के घर डटे रहे। उधर मृतक की पत्नी गीता देवी की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध हत्या का पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने स्वजनों को आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर कठोर कार्यवाही की जाएगी।





# सेंट पीटर्स स्कूल के बच्चों ने जमकर उड़ाएं अबीर गुलाल

**मेजा रोड।** विकासखंड उरूवा अंतर्गत जनवार गांव स्थित सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल में रंगों का त्योहार होली धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अभिषेक खेड़ा ने कहा कि भाईचारे व आपसी सौहार्द का प्रतीक है होली त्यौहार आपसी सौहार्द समरसता भाईचारा और प्रेम का सीख देता है होली का त्यौहार इस पर्व पर लोग अपने सभी मतभेदों को भुलाकर आपसी सौहार्द और सहयोग बढ़ाने का काम करते हैं। स्कूल की प्रिंसिपल अंकिता खेड़ा ने कहा कि होली पर्व पूरे देश में परंपरा हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया जाने वाला त्यौहार है होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, यह पर्व हमें आपस में जोड़ता है इसमें लोग अपने सभी मतभेदों को भुलाकर एक दूसरे के गले मिलते हैं। यह एक रंग चेतना देता है बच्चों को विविधता सिखाता है उन्हें दुनिया भर के विभिन्न संस्कृतियों के बारे में भी सिखाता है होली छात्रों को सिखाती है कि जीवन भी विभिन्न रंगों से भरा हुआ है और हमें इसके रंग का आनंद लेना चाहिए और इससे सीख लेनी चाहिए। होली पर्व को लेकर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा बच्चों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाए और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी।

# शंकरगढ़ में आज से तीन दिन खेली जाएगी ऐतिहासिक होली

अखंड भारत संदेश

**रंग बिरंगी पिचकारी और अबीर गुलाल से सजी दुकानें, बाजारों में दिखी चहल-पहल,तीसरे दिन खेली जाएगी कपड़ा फाड़ होली**

**शंकरगढ़।** रंग और उल्लास का पर्व होली पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। विविधताओं से भरे इस देश में होली का पर्व भी स्थानीय रीति-रिवाजों के अनुसार मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर आबाद ऐतिहासिक नगर पंचायत शंकरगढ़ की होली भी कई मायनों में ऐतिहासिक है। यहां होली का पर्व पूरे 3 दिन तक मनाया जाता है।

शंकरगढ़ में आज से तीन दिन तक होली मनाई जाएगी। बीती रात होलिका दहन उल्लास और भाईचारा के साथ शुभ मुहूर्त में किया गया। होली के त्यौहार को लेकर मंगलवार को बाजारों में दिनभर चहल पहल देखने को मिली। रंग, अबीर, गुलाल, रंग बिरंगी पिचकारी, मुखौटे समेत अन्य वस्तुओं की खरीदारी को बड़े बुजुर्गों संग बच्चे भी दुकानों पर नजर आए। दुकानदारों ने बताया कि थोड़ी महंगाई जरूर है, पर लोग अपनी जरूरत की वस्तुओं की खरीदारी में कोई कोताही नहीं कर रहे हैं। मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित शंकरगढ़ बाजार के लाइनपार, सदर बाजार और रामभवन चौराहे पर लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। सीमा पर स्थित होने कारण इस बाजार में यूपी के साथ-साथ एमपी के समीपवर्ती गांव के लोग भी बड़ी संख्या में आकर खरीदारी करने आते हैं। होली के इस मौके पर बाजारों में रौनक दिखी, व्यापारी दिनभर व्यस्त नजर आए। किराना की दुकानों पर लोगों ने चिप्स, पापड़, कचरी, नमकीन आदि की खरीदारी की। सदर बाजार और राम भवन चौराहा के दुकानदारों ने बताया कि इस बार होली पर खासा उत्साह देखने को मिला है। दुकानदारों ने बताया कि पिछले हफ्ते खोया जहां 200 से 250 प्रति किलो में था, वहीं आज खोया तीन सौ रुपये से ऊपर प्रति किलो बिका। शंकरगढ़ कस्बे में सुरक्षा के मद्देनजर सहायक पुलिस आयुक्त संतलाल सरोज, एसओ मनोज कुमार सिंह, उपनिरीक्षक ऋतुराज सिंह अपनी टीम के साथ चौतरफा भ्रमण करते रहे। व्यापार मंडल के अध्यक्ष मूलचंद गुप्ता और महामंत्री रतन केसरवानी, उपाध्यक्ष जय केसरवानी ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए सौहार्द और भाईचारे के साथ होली का त्यौहार मनाने की अपील की है।



## न्यूज झरोखा

### जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में बच्चों ने खुब उडाऐ गुलाल




**करछना** जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में होली के उपलक्ष में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने होली की प्रस्तुति की? और खुब उडाऐ गुलाल एक दूसरे को होली की गले मिले, होली के पावन पर्व पर स्कूल के निदेशक डॉ आर पी पांडेय, डॉ के के शुक्ला ने छात्रों एवं विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों, शिक्षिकाओं को होली की शुभकामनाए दी, इसमें मुख्य रूप से सम्मिलित हुए प्रिंसिपल अंकिता मिश्रा अभिनव प्रिया आलमीन कमक शिक्षक उपस्थित रहे।

### सिंगरामऊ गांव में अनुष्ठान के बाद खेली जाती है परंपरागत होली

**सहसों।** क्षेत्र के सिंगरामऊ गांव में होलिका पूजन की परंपरा 40 वर्षों से अनवरत धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन के साथ की जा रही है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक केशव चंद्र द्विवेदी, लालजी द्विवेदी, राम अभिलाख शुक्ला, राम चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि वर्षों पुरानी परंपरा आज भी कायम है। परंपरा के अनुसार माता चौरा पर गांव वालों के सहयोग से होलिका दहन के दिन अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन किया जाता है। तत्पश्चात विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण से होलिका पूजन के बाद जलाई जाती है। होलिका दहन के पश्चात पूरे हर्षोल्लास के साथ युवा बुजुर्ग पूरे गांव के होलियारे फाग गीत गाते हुए प्रभात फेरी लगाकर घर घर जाकर एक दूसरे से मिलकर बधाई देते हैं। सिंगरामऊ की होली मिलन की परंपरा होली से जहां आपसी सौहार्द प्रेम की अनूठी मिसाल है वहीं पर आसपास के गांव के लोग भी इस परंपरा के कायल हैं।

**मऊआइमा पुलिस ने तीस लीटर कच्ची शराब के साथ तीन को किया गिरफ्तार**

मऊआइमा। मऊआइमा पुलिस ने मंगलवार को अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ अभियान चला कर तीस लीटर कच्ची शराब के साथ तीन को दबोचा और भटठी लहन नष्ट कर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरावीरभानपुर में मंगलवार को पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ अभियान चला कर रामनरेश पुत्र बच्चू ,जयप्रकाश पुत्र लहुरी ,अमित कुमार पुत्र सम्पत को तीस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर भट्ठी व लहन को नष्ट कर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की है।

### छः किलो सौ ग्राम अवैध गांजे के साथ दो गिरफ्तार ,भेजे गए जेल

**घूरपुर।** घूरपुर पुलिस ने जसरा और घूरपुर कस्बे से दो गांजा तस्करों को पकड़ कर उनके पास से गांजा बरामद करते हुए केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। घूरपुर थाना प्रभारी अश्वनी कुमार की पुलिस टीम मंगलवार के दिन क्षेत्र के जसरा और घूरपुर कस्बे से अलग अलग समय पर दो गांजा तस्करों को पकड़ लिया । थाने ले आकर तलाशी ली गई तो जसरा बाजार से पकड़े गए मुजीद खान निवासी कबौली थाना नरैनी जनपद बांदा के पास से पांच किलो ग्राम व घूरपुर चौराहे के पास से बड़ी बोंगी थाना घूरपुर निवासी मो इस्माइल के पास से एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद किया है। पकड़े गए दोनो गांजा तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नन्हे कलाकारों का अनूठा तोहफा

अखंड भारत संदेश

**पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पुष्पा श्रीवास्तव ने किया विमोचन**

**12 साल के असित साई और 6 साल के आरव ने कंपोज किया जागरूकता गीत**

**महिलाओं पर हो रहे अपराधों को कम करने के लिए बनाया गीत**




**प्रयागराज।** 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है और कहा जाता है महिलाएं समाज की सच्ची शिल्पकार होती हैं । इसी कड़ी में प्रयागराज के नन्हे कलाकारों ने महिलाओं के सम्मान में और लोगों को जागरूक करने के लिए एक गीत को कंपोज किया है और गाया भी है जिसका विमोचन पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी पुष्पा श्रीवास्तव ने किया । साईं बंधु के नाम से प्रसिद्ध असित साईं और आरव साईं ने 3 दिनों की कड़ी मेहनत के बाद इस गीत को तैयार किया है ,जिसको सुनकर आप दांतो तले उंगली दबा लेंगे ।असित की उम्र महज 12 वर्ष जबकि आरव की उम्र 6 वर्ष है। खास बात यह है इतनी कम उम्र के बच्चे महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध को समझ रहे हैं और इसी के चलते लोग को जागरूक करने के लिए उन्होंने इस दिन के महत्व को समझा है। गीत के बोल कुछ इस तरह है - कोमल है कमजोर नहीं तू शक्ति का नाम ही तो नारी है इस जग को जीवन देने वाली मौत भी तुझसे हारी है अपमान कभी मत करना जग में नारियों का, इस धरा पर तो इन्हीं से जीवन का संचार होता, सभी को उतरना होगा मैदान में महिलाओं के सम्मान में

पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और उत्तर मध्य रेलवे की खेल सचिव पुष्पा श्रीवास्तव का कहना है कि उनको हैरत हो रही है इतने छोटे बच्चे भी इस तरह का गीत तैयार कर सकते हैं। पुष्पा श्रीवास्तव का कहना है कि उनको बेहद खुशी हो रही है कि वह इस गीत का विमोचन कर रही है क्योंकि नारी के सम्मान में जो प्रेम उनको देश की जनता ने दिया है उसी तरह का प्रेम सभी महिलाओ को इन नन्हे कलाकारों ने इस गीत के माध्यम से दिया गया है।उधर असित और आरव साई ने अपने घर में बने छोटे से स्टूडियो में बैठकर इस गीत को कंपोज किया है । असित बताते हैं कि मीडिया के माध्यम से पता चलता है कि महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में इजाफा हो रहा है इसके साथ ही उनको अपने स्कूल से पता चला कि 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पढ़ाई के साथ साथ इस गीत को कंपोज किया । असित का कहना है कि महिलाओं के प्रति अपराध अगर कम हो जाएगा तो देश में अपराधिक ग्राफ के मामले भी कम होगी। आपको बता दें इससे पहले दोनों साईं बंधुओं ने पहले भी कई बार प्रयागराज का नाम रोशन किया है। हाल ही में असित साइ को लखनऊ में मालिनी अवस्थी और मंत्री राजवीर सिंह के द्वारा सम्मान मिल चुका है और प्रयागराज संगीत समिति में भी राष्ट्रीय शास्त्री संगीत प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मिला है। अंतरराष्ट्रीय ताज महोत्सव के साथ-साथ देश के सबसे बड़े धार्मिक मेले माघ मेले में भी इन बच्चों ने अपने हुनर का जलवा बिखेरा है।

## शबे बरात पर कब्रिस्तानों पर चरागां, मस्जिदों में रातभर चला इबादत का दौर

**लालगोपालगंज।** कस्बा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में शब-ए-बारात का त्योहार अकीदत के साथ मनाया गया। अकीदतमंदों ने पुरखों की कब्रिस्तानों की साफसफाई कर चरागां किया। मस्जिदों में रातभर इबादत व तिलावत, और दुआओं में मशगूल रहे। शाम होते ही नगर क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र के कब्रिस्तानों में मुस्लिमों ने फातिहा पढ़कर अपने पूर्वजों की मगफिरत के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। वहीं इशा की नमाज के बाद से रातभर कब्रिस्तानों में फातिहा पढ़ने का सिलसिला चलता रहा।

इसके बाद मस्जिदों में नफिल नमाज, कजाए उमरी, कुरान की लिलावत और गुनाहों से माफी के लिए रब से रो-रोकर दुआएं मांगी गई। अंजुमन रजाए मुस्तफा के अध्यक्ष इनायत उल्ला नूरी ने बताया कि शब-ए-बारात पर्व पर लालगोपालगंज कस्बा के अकीदतमंद रातभर इबादत करते रहे और अपने पूर्वजों और रिश्तेदारों की कब्रों पर पहुंचकर इसाले सबाव के लिए फातेहा पढ़ी। वहीं महिलाओं ने भी घरों में रातभर इबादत किया। भोर में मुस्लिम समाज के महिलाओं, बुजर्गों व बच्चों द्वारा नफिल रोजा रखा। दूसरी ओर अकीदतमंदों ने रंग बिरंगी लड़ियों और बिजली के झालरों से मस्जिदों की सजावट किया।

समस्त देशवासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष 22 वर्ष, अंक 41 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित


नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 08 मार्च 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# सीबीआई ने की लालू से पूछताछ

## जॉब फॉर लैंड केस में लालू से दो राउंड पूछताछ, सीबीआई दिल्ली में बेटी मीसा के घर पहुंची थी, सोमवार को राबड़ी से हुए थे सवाल-जवाब

**पटना:** रेलवे में नौकरी के बदले जमीन केस में सीबीआई ने लालू यादव से दिल्ली में सीबीआई ने दो राउंड पूछताछ की। पहले सुबह 3 घंटे और फिर दोपहर में डेढ़ घंटे सवाल-जवाब किए। सीबीआई की टीम उनकी बेटी मीसा भारती के घर पहुंची थी। दोनों राउंड की पूछताछ के दौरान लालू की बेटी रोहिणी आचार्या ने कहा कि पापा को परेशानी हुई तो दिल्ली की कुर्सी हिला देंगे। लालू सिंगापुर से किडनी ट्रांसप्लांट के बाद दिल्ली में मीसा भारती के आवास पर ही रह रहे हैं। एक दिन पहले पटना में पूर्व सीएम राबड़ी देवी से उनके आवास पर सीबीआई ने करीब साढ़े 4 घंटे तक पूछताछ की थी। इस दौरान 48 सवाल किए थे। लैंड फॉर जॉब स्कैम में सीबीआई की चार्जशीट पर कोर्ट ने लालू, राबड़ी और मीसा को समन जारी किया था। सीबीआई ने चार्जशीट में लालू प्रसाद के अलावा राबड़ी देवी और 14 अन्य को आरोपी बनाया है। 15 मार्च को कोर्ट में इनको पेश होने के आदेश दिए गए हैं।

**सीबीआई का यह है आरोप:** लालू के रेलमंत्री (2004 से 2009) रहते हुए लैंड फॉर जॉब स्कैम हुआ था। सीबीआई का आरोप है कि सदस्यों के नाम पर जमीन और प्रॉपर्टी ट्रांसफर करा कराई।




बदले में रेलवे के अलग-अलग जोन मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर में नौकरी दी। लालू परिवार ने यह संपत्ति वैसे लोगों से ली जो पटना के निवासी थे, या जिन्होंने अपने परिजनों के उस संपत्ति को बेच इनके परिजनों के नाम पर गिफ्ट किया। सीबीआई के अनुसार इस तरह से लालू यादव के परिवार ने बिहार में 1 लाख स्क्वायर फीट से ज्यादा जमीन महज 26 लाख रुपए में हासिल कर ली, जबकि उस समय के सर्कल रेट के अनुसार जमीन की कीमत करीब 4.39 करोड़ रुपए थी। खास बात ये है कि लैंड ट्रांसफर के ज्यादातर केस में जमीन मालिक को कैश में भुगतान किया गया। इस मामले में सीबीआई ने मई 2022 में लालू और उनके परिवार के सदस्यों पर भ्रष्टाचार का नया केस दर्ज किया था।

### लालू को कई मामलों में दोषी ठहराया गया: रविशंकर



**पटना: राजद** अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने पिता से सीबीआई की पूछताछ पर नाराजगी जताई। रोहिणी ने ही अपने पिता को किडनी दान की थी। उन्होंने मंगलवार को केंद्र सरकार पर बीमार 70 साल के बुजुर्ग को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। सिंगापुर में रहने वाली आचार्य ने सीबीआई की पूछताछ पर नाराजगी जताने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि ये लोग पापा को परेशान कर रहे हैं। अगर इस उत्पीड़न से कोई समस्या होती है, तो हम दिल्ली में सत्ता की कुर्सी को हिला कर रख देंगे। हालांकि, भाजपा ने इस आरोप को खारिज किया है। पार्टी ने दावा किया कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को चारा घोटाले के कई मामलों में दोषी ठहराया गया है, जो उस समय दर्ज किए गए थे, जब केंद्र में एक गठबंधन का शासन था। इसका हिस्सा राजद भी थी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और 14 अन्य के खिलाफ आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत आरोप पत्र दायर की है।

## आसान भाषा में दें मौसम की जानकारी, अस्पतालों का फायर ऑडिट कराएं

# गर्मी को लेकर पीएम मोदी ने की हाई लेवल मीटिंग

**नई दिल्ली: पीएम** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देशभर के कई राज्यों में आने वाले गर्मियों के मौसम और मानसून से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में मोदी ने अधिकारियों से कहा कि वे मौसम की जानकरी सरल भाषा में दें। साथ ही अस्पतालों का फायर ऑडिट कराने के लिए निर्देश दिए। बैठक में पीएम मोदी ने मौजूद अधिकारियों से मौसम की तैयारियों पर अपडेट लिया। पीएम को अगले कुछ महीनों के मौसम के पूवार्नुमान,मानसून की संभावना, रबी फसलों पर मौसम के प्रभाव और प्रमुख फसलों की अनुमानित उपज के बारे में भी जानकारी दी गई। अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को गर्मी के मौसम में संभावित आपदाओं और घटनाओं की तैयारियों के लिहाज से चल रहे प्रयासों के बारे में भी अपडेट किया।



**गर्म मौसम के लिए प्रोटोकॉल तैयार कर लें:** पीएम मोदी ने कहा कि मौसम को देखते हुए हर जरूरी तैयारी करनी चाहिए। जैसे डॉक्टर्स, नगरपालिका और पंचायत, टीमों को पहले से अलर्ट कर देना चाहिए। ज्यादा गर्मी की स्थिति से निपटने के लिए स्कूलों में बच्चों को मल्टीमीडिया लेक्चर की मदद से जागरूक किया जाए। गर्म मौसम के लिए प्रोटोकॉल तैयार कर लेना चाहिए। इस दौरान क्या करें और क्या न करें इस तरह की जानकारियों को रेडियो जिंगल्स, शॉर्ट फिल्म और पैम्फलेट की मदद से लोगों तक पहुंचाई जाए। इसके अलावा पीएम मोदी ने आईएमडी को निर्देश दिया कि वो रोजाना मौसम के पूवार्नुमान को इस तरह जारी करें, जिसे कोई भी आसानी से समझ सके। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि टीवी चैनल, रेडियो जैसे माध्यम मौसम पूवार्नुमान को आसान भाषा में समझाने के लिए कुछ समय खर्च कर सकते हैं।

# जन औषधि परियोजना से लोगों का जीवन आसान हुआ : मोदी

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को भारतीय जन औषधि परियोजना की उपलब्धियों को संतोषप्रद बताते हुए कहा कि इससे करोड़ों लोगों का जीवन आसान हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, भारतीय जन औषधि परियोजना की उपलब्धियां काफी संतोषप्रद हैं। इससे न केवल इलाज के खर्च को लेकर देश के करोड़ों लोगों की चिंताएं दूर हुई हैं, बल्कि उनका जीवन भी आसान हुआ है। जन औषधि दिवस के अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने ट्वीट संदेश में कहा, देश में आज प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का 5वां दिवस मनाया जा रहा है।



### भाजपा सरकार की कुनीतियों से परेशान हैं किसान : अखिलेश

**लखनऊ: समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा है कि उत्तर प्रदेश में किसान भाजपा सरकार की कुनीतियों के चलते बुरी तरह परेशानियों से घिर गया है। महंगाई और कर्ज से त्रस्त कई किसानों ने आत्महत्या कर ली। मुख्यमंत्री इसके बाद भी अपना छह साल का स्याह रिकार्ड छुपा रहे हैं। किसानों के जान की कोई कीमत नहीं रह गई है। किसानों को झूठे दावों और आश्वासनों के जरिए छला जा रहा है। किसान अन्नदाता होने के अलावा देश की अर्थव्यवस्था को भी गति देता है।

# नेफ्यू रियो पांचवीं बार नगालैंड के सीएम बने

## पीएम मोदी-अमित शाह मंच पर मौजूद रहे; मेघालय में कॉनराड संगमा ने शपथ ली

**शिलॉन्ग:** नगालैंड में नेफ्यू रियो और मेघालय में कॉनराड संगमा ने सीएम पद की शपथ ले ली है। नेफ्यू रियो ने दोपहर 1 बजकर 45 मिनट पर पांचवीं बार सीएम पद की शपथ ली, वहीं संगमा कॉनराड का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सुबह 11 बजे हुआ। संगमा कॉनराड दूसरी बार मेघालय के सीएम बने हैं। दोनों के शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा मौजूद रहे।

**दोनों राज्यों में बने दो उपमुख्यमंत्री:** दोनों ही राज्यों में दो डिप्टी सीएम बनाए गए हैं। मेघालय में एनपीपी के स्निआवभलंग धर और प्रिस्टोन तेनसोंग ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली है।



वहीं नगालैंड में टी.आर जेलियांग और यानथुंगो पैट्टन को डिप्टी सीएम बनाया गया है। मेघालय में राज्यपाल फागू चौहान ने संगमा के साथ 12 विधायकों को भी मंत्रिपद की शपथ दिलाई। इनमें 8 विधायक एनपीपी के, 2 विधायक वउद्ध के और 1-1 विधायक भाजपा पार्टी के हैं। भाजपा से एलेक्जेंडर लालू हेक को मंत्री बनाया गया है। नगालैंड में फिर से एनडीपीपी-बीजेपी गठबंधन ने सरकार बनाई है। राज्य की 60 सीटों वाले विधानसभा चुनाव के नतीजों में एनडीपीपी-बीजेपी ने 37 सीटें जीती थीं, जिनमें से एनडीपीपी ने 25 और -बीजेपी ने 12 सीट हासिल की थीं।

**मेघालय में भी भाजपा सत्ता में साझेदार:** मेघालय में एनपीपी, यूडीपी और भाजपा ने मिलकर सरकार बनाई है। 27 फरवरी को विधानसभा की 59 सीट पर वोटिंग हुई थी। 2 मार्च को चुनाव के परिणाम घोषित हुए, जिनमें एनपीपी 26 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी।

# उप्र : योगीराज में थर-थर कांपते हैं अपराधी



**लखनऊ: कानून व्यवस्था को लेकर भले ही वि**पक्षी दल प्रदेश की भाजपा सरकार पर हमलावर रहा हों लेकिन आकड़े कुछ और ही बयां करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार में अपराधियों ने अपराध छोड़ दिया है या प्रदेश छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। जिन्होंने अपराध नहीं छोड़ा वे पुलिस के एनकाउंटर में ढेर हो गए। यही वजह है कि योगी राज में अपराधी थर-थर कांपते हैं।

सरकार के प्रवक्ता ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि प्रयागराज की घटना में मारे गए दो बदमाशों के बाद बीते छह साल की बात करें तो मुठभेड़ में लगभग 178 बदमाश मारे गए हैं। मार्च 2017 से अब तक साढ़े दस हजार से अधिक मुठभेड़ हुई है। इनमें 12 पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहूति दी है, जबकि 1400 पुलिसकर्मी घायल हुए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018 में सर्वाधिक 41 अपराधी मारे गए थे। इससे पहले साल 2017 में 28, साल 2019 में 34, साल 2020 में 26, साल 2021 में 26 व पिछले वर्ष 2022 में 14 अपराधी मारे गए हैं। जबकि साल 2023 में अब तक नौ बदमाश मारे गए हैं। बीते छह वर्ष में पुलिस मुठभेड़ में 23 हजार से ज्यादा अपराधी गिरफ्तार किए गए है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सख्त रवैया अपनाया है। जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत अपराधियों की प्रदेश में कोई जगह नहीं है।

## राहुल गांधी ने विदेश की धरती से किया देश की जनता का अपमान: रविशंकर

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को राहुल गांधी के लंदन में दिए बयानों की भर्त्सना करते हुए कहा है कि उन्होंने विदेश की धरती से देश की जनता का अपना किया है। पार्टी का कहना है कि राहुल गांधी को देश की जनता न तो सुनती है और न ही समझती है, इसलिए वे देश से बाहर जाकर विलाप करते हैं। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रवक्ता रविशंकर प्रसाद ने आज पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में राहुल गांधी की देश में लोकतंत्र, भारत चीन संबंधों और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर की गई टिप्पणियों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से सवाल पूछे हैं। दोनों नेताओं से भाजपा प्रवक्ता ने पूछा है कि क्या वे यूरोप और अमेरिका से भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के कांग्रेस नेता के बयानों का समर्थन करते हैं।

रविशंकर ने कहा कि विदेश जाकर राहुल गांधी सभी मयार्दा और शालीनता भूल जाते हैं। उन्होंने लंदन में भारतीय लोकतंत्र, जनता, राजनीतिक एवं न्याय व्यवस्था और सामरिक सुरक्षा का अपमान किया है।

## एम्स के पूर्व निदेशक गुलेरिया ने कहा- मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग जरूरी, बुजुर्ग सावधान रहें

# कोविड की तरह फैलता है एच3एन2 इन्फ्लूएंजा

**नई दिल्ली:** एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने देश में फैल रहे एच3एन2 इन्फ्लूएंजा से लोगों को सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह कोरोना के जैसी ही फैलता है। इससे बचने के लिए मास्क पहनें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें और बार-बार हाथ धोते रहें। बुजुर्गों और पहले से ही किसी बीमारी से परेशान लोगों को इससे ज्यादा परेशानी हो सकती है। उधर, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हेल्थ एक्सपर्ट्स के साथ एच3एन2 इन्फ्लूएंजा के बढ़ते मामलों पर




चर्चा करने के लिए एक बैठक की। इसमें एक्सपर्ट्स ने कहा कि देश में कोरोना के मामले कम हुए हैं, लेकिन फ्लू के मामले बढ़ रहे हैं। यह फ्लू कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों के लिए खतरनाक हो सकता है। एक्सपर्ट्स ने इससे बचने के लिए भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनने की सलाह दी है।

**देश में दो महीने से बढ़ रहे इन्फ्लूएंजा के मामले:** पिछले दो महीने से राजधानी दिल्ली समेत भारत के कई हिस्सों में इन्फ्लूएंजा के मामले बढ़ रहे हैं। कोरोना महामारी के बाद फ्लू के बढ़ते मामलों से लोगों में डर है, क्योंकि इससे जूझ रहे मरीजों में कोरोना जैसे ही लक्षण देखने को मिल रहे हैं। बीते कुछ दिनों में दिल्ली और आसपास के इलाकों से कई ऐसे मरीज अस्पताल पहुंचे हैं।

## आफताब शेफ है, मांस को सुरक्षित रखना जानता है

# श्रद्धा मर्डर केस में दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में दी दलील

**नई दिल्ली: श्रद्धा** मर्डर केस में दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को साकेत कोर्ट में बताया कि आरोपी आफताब अमीन एक ट्रेंड शेफ है, इसलिए उसे पता है कि मांस को सुरक्षित कैसे रखें। पुलिस ने कोर्ट में सुनवाई के दौरान कहा कि आफताब ने एक फाइव स्टार होटल में शेफ के तौर पर काम किया है। श्रद्धा का मर्डर करने के बाद आफताब ने सूखी बर्फ और अगरबत्ती मंगवाई थी। पुलिस ने कोर्ट में बताया कि श्रद्धा की हत्या करने के बाद आफताब ने दूसरी गर्लफ्रेंड बनाई थी। उसे आफताब ने अंगूठी भी दी थी। कोर्ट में सरकारी वकील अमित प्रसाद दिल्ली पुलिस का पक्ष रख रहे हैं। उन्होंने कोर्ट को बताया



कि आफताब ने कैसे अपने लिव इन पार्टनर की हत्या की और फिर उसके शव के बॉडी पाट्र्स को जंगल में फेंका। केस की अगली सुनवाई 20 मार्च को होगी।

**12 नवंबर को हुई थी आफताब की गिरफ्तारी:** आफताब पर आरोप है कि उसने मई 2022 में अपनी लिव इन पार्टनर श्रद्धा वाल्कर की गला घोंटकर हत्या की। बाद में उसके शरीर के 35 टुकड़े कर फ्रिज में रखे। फिर उन्हें जंगल में फेंक दिया। दिल्ली पुलिस ने 12 नवंबर 2022 को उसे गिरफ्तार किया था। 24 जनवरी को पुलिस ने इस मामले में आफताब के खिलाफ 6,629 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। बता दें कि जांच के दौरान दिल्ली पुलिस ने आफताब का नार्को और पॉलीग्राफ टेस्ट किया था, जिसमें उसने श्रद्धा की हत्या करने की बात स्वीकार की थी।

### अतीक के एक बेटे की हत्या हो जाएगी: रामगोपाल

**इटावा: सपा** के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राम गोपाल यादव ने यूपी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा- पुलिस ने अतीक अहमद के स्कूल में पढ़ने वाले 2 लड़कों को तो पहले ही दिन पकड़ लिया है। उनमें से एक की हत्या हो जाएगी... आप देख लेना। यूपी पुलिस प्रयागराज की घटना के असली आरोपियों को तो पकड़ नहीं पा रही है। दबाव में किसी को भी उठा ले रही है। उनसे कहा गया है, जो पकड़ में आ जाए उसको मार दो। रामगोपाल यादव होली के मौके पर मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि देने सैफई पहुंचे हैं। जहां उन्होंने ये बयान दिया है।

**किसी का जीवन लेने का हक किसी को नहीं:** एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए राम गोपाल ने कहा कि संविधान जीवन देने का मौलिक अधिकार देता है।

### अवकाश की सूचना

होली के शुभ अवसर पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, पत्र वितरकों सहित शुभचिन्तकों को

*हार्दिक शुभकामनाएं*

इस अवसर पर **अखंड भारत संदेश** कार्यालय व प्रेस में दिनांक 8 व 9 मार्च 2023 को अवकाश रहेगा। अत: पत्र का अगला अंक 11 मार्च को मिलेगा।

**संपादक**

## खबर संक्षेप

### उम्रकैद की सजा काट रहे तीन लोगों को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने किया बरी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मथुरा सत्र न्यायालय द्वारा युवती की हत्या में दोषी करार दिए गए तीन लोगों को बरी किया है। सत्र न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने कहा कि सत्र अदालत ने साक्ष्यों का सही परीक्षण नहीं किया। तथ्य कहानी की पुष्टि नहीं करते यह आदेश कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर, न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने महेंद्र सिंह, बनिया उर्फ बलवीर और गंगाधर की सजा के खिलाफ अपील को स्वीकार करते हुए दिया। कोर्ट ने कहा कि अपराध का उद्देश्य और मौके से बरामद पिस्टल संदेहास्पद है। जो तथ्य सामने आए हैं, वे अभियोजन की कहानी की पुष्टि नहीं करते।

**नाबालिग बेटी के हवाले से दर्ज हुई थी रिपोर्ट :** युवती की नाबालिग बेटी के हवाले से उसके पिता बच्चू सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका और उसके पड़ोसी महेंद्र कुमार सिंह से मकान की बिक्री को लेकर सौदा हुआ था। सौदे के तहत दो लाख रुपये भी उसने दिए थे। पत्नी लक्ष्मी दो लाख रुपये और गहने लेकर मायके जाने की बात कहकर गई और लौटी नहीं। उसकी लाश मिली।

# शुभ मुहूर्त में रुद्रा अपार्टमेंट में किया गया होलिका दहन, मौजूद रहे सोसाइटी के पदाधिकारी



अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** रंगों का त्योहार होली रुद्रा परिवार में आपसी सौहार्द को कायम रखते हुए हर बार की तरह सोसाइटी की तरफ से होलिका दहन किया गया। सर्वप्रथम सोसाइटी में स्थापित मंदिर में होली गीत(फगुआ) हुआ जिसमे सोसाइटी के सभी सदस्यों एवं मातृ शक्ति की बढ़ चढ़ कर भागीदारी हुई। इसके पश्चात शुभ मुहूर्त को देखते हुए विधि विधान के साथ रुद्रा परिवार के वरिष्ठ जन अनिल मिश्रा के द्वारा होलिका दहन किया गया। सोसाइटी के सदस्यों द्वारा होलिका मईया एवं भक्त प्रह्लाद के जयकारे लगाते हुए फेरे लिए गए। सोसाइटी की तरफ से होलिका दहन की भरपूर तैयारी की गई है साथ ही होली के लिए स्विमिंग पूल को रंगों से भर दिया गया है औ? गुझिया एवं ठंडई की व्यवस्था भी की गई है। इस अवसर पर सोसाइटी के अध्यक्ष अनिल सिंह एवं सचिव सन्तोष द्विवेदी ने होली की शुभकामनायों के साथ आपसी सौहार्द से होली मनाने की अपील की गई।



## आधुनिक सुविधाओं से लैस आपात सेवा केंद्रों के द्वारा होलिका दहन स्थलों का किया गया निरीक्षण

**प्रयागराज।** पुलिस महानिदेशक, अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय उ0प्र0 लखनऊ के आदेश अनुपालन में तथा पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज के आदेश के क्रम में होली पर्व के दृष्टिगत होलिका दहन स्थलों का अग्नि सुरक्षा के दृष्टिकोण से निरीक्षण एवं जन जागरूकता के तीन दिवसीय अभियान के अंतर्गत दिनांक 5 मार्च 2022 से कमिश्नरेट प्रयागराज के अंतर्गत आने वाले सभी अग्निशमन तथा आपात सेवा केंद्रों के द्वारा जिसमें सिविल लाइन के द्वारा नगर क्षेत्र में व अन्य अग्निशमन तथा आपात सेवा केंद्रों द्वारा नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले लगभग स्वेदंशील 600होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण सभी फायर स्टेशन के प्रभारी द्वारा किया गया और किया जाएगा 'होलिका दहन के आसपास ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण नहीं पाया गया उपस्थित नगर क्षेत्र वासियों और ग्रामीणों एवं ग्राम प्रधानों को अग्नि दुर्घटनाओं के प्रति सचेत किया गया की विधुत तारो के नीचे होलिका ना स्थापित करे थोड़ा दूरी पर स्थापित करे एवं अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के बारे में सुझाव दिया गया और सभी से यह अनुरोध किया गया कि होली का पर्व सुरक्षित तरीके से मनाएं। **सी एफ ओ, कमिश्नरेट, प्रयागराज।**

## महंत नरेंद्र गिरि की आत्महत्या के मामले में आनंद समेत तीनों आरोपितों की अर्जी हुई खारिज



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि की आत्महत्या के मामले में आरोपित आनंद गिरि, बड़े हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी आद्या प्रसाद, उनके बेटे संदीप तिवारी की ओर से दी गई उन्मोचन अर्जी जिला न्यायालय ने सोमवार को सुनवाई के बाद खारिज कर दी।

**सीबीआई ने कहा तीनों के खिलाफ हैं सुबूत :**

उन्मोचन अर्जी पहले आद्या प्रसाद तिवारी की ओर से दाखिल की गई थी। बाद में आनंद गिरि और संदीप की ओर से भी उन्मोचन अर्जी दाखिल की गई थी। जिला जज की कोर्ट में सुनवाई के दौरान सीबीआई के अधिवक्ता ने इसका विरोध किया। सीबीआई की ओर से कहा गया कि तीनों के खिलाफ सुबूत हैं। इसलिए उन्मोचन अर्जी को खारिज किया जाना चाहिए।

**16 मार्च को फिर होगी सुनवाई**

हालांकि, आरोपितों की ओर से कहा गया कि वे निर्दोष है। कोर्ट ने कहा कि लंच के बाद आरोप तय होने पर होगी सुनवाई होगी। डेढ़ बजे के बाद अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से विरत रहने के कारण आरोप तय होने की कार्रवाई अदालत द्वारा नहीं पूरी की जा सकी। सुनवाई के लिए 16 मार्च की तिथि कोर्ट ने नियत किया।

# बकाया 50 रुपये मांगने पर बदमाश ने दुकानदार पर चलाई गोली, बाइक पैर पर चढ़ाया

अखंड भारत संदेश

### झूंसी के ईसीपुर-मलावां गांव में हुई वारदात, पुलिस जांच में जुटी रही, नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट



**झूंसी।** थाना क्षेत्र के ईसीपुर-मलावां गांव में मंगलवार की दोपहर बकाए का 50 रुपये मांगने पर बदमाश ने परचून के दुकानदार पर गोली चला दी। इसके साथ ही दुकानदार के पैर पर बदमाश ने बाइक भी चढ़ा दी। दुकानदार के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। तब तक आरोपी बदमाश मौके से फरार हो गया। घटना से मौके पर काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही।थाना क्षेत्र के ईसीपुर-मलावां में रामचंद्र यादव की परचून की दुकान है। मंगलवार की दोपहर में मलावा खुर्द गांव का एक बदमाश दुकान पर पहुंचा। उसने कुछ सामान मांगा तो दुकानदार ने पुराने बकाए का तगादा किया। आरोप है ?कि इसी दौरान बदमाश ने दुकानदार पर तमंचा तान दिया। साथ ही हवाई फायरिंग कर दी। यही नहीं बदमाश ने दुकानदार के पैर पर बाइक भी चढ़ा दी। इसके बाद बदमाश वहां से आराम से फरार हो गया। घटना की जानकारी पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची और तफ्तीश की। हालांकि देर शाम तक रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई थी। घटना से गांव की बस्ती में कुछ देर के अफरा-तफरी मच गई थी। उधर, पुलिस ने गोली चलने की बात से इंकार किया है। पुलिस के मुताबिक बकाया पैसा मांगने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था।

## आरोपों पर कैबिनेट मंत्री नंदी का पलटवार, कहा-कार्रवाई से ध्यान भटकाने को उछाला ये मुद्दा

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद की बहन आयशा नूरी द्वारा लगाए गए आरोपों पर कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने पलटवार किया है। नंदी ने कहा कि यूपी में कानून का राज है। योगी सरकार माफिया और अपराधियों के निरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उमेश पाल हत्याकांड में कार्रवाई पूरी सख्ती के साथ की जा रही है। इसीलिए बेसिर-पैर की बातें मुद्दे से ध्यान भटकाने और गुमराह करने यह तथ्यहीन, अनर्गल और बेतुकी बातें हैं। मेयर चुनाव से इसको जोड़ना सिर्फ फिजूल ही नहीं हास्यास्पद भी है। उधर, निवर्तमान महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने कहा कि प्रयागराज में महापौर की सीट पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। मैं सामान्य वर्ग से आती हूं। ऐसे में चुनाव से इस कार्रवाई को जोड़ना हास्यास्पद है। रही बात पारिवारिक पृष्ठभूमि की तो हम लोग बाहुबली नहीं हैं। बाहुबली का धर्म खून बहाना ही रहा है। जबकि मेरे पति पर जानलेवा हमला हो चुका है। मैं इस तरह के बालुबल की भुगतभोगी रही हूं। ऐसे में इस तरह के लोगों के बारे में किसी तरह की टिप्पणी नहीं करना चाहती।

# तीन दिन से लापता युवक का मिला शव

### यमुना नदी में डूबने से हुई मौत, पिता बोले- आत्महत्या नहीं कर सकता बेटा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज इलाके से 4 मार्च की रात से लापता ई रिक्शा चालक की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई। 7 मार्च को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे घरवालों ने उसका शव देखकर उसकी पहचान की। पहचान के बाद घरवालों ने दावा किया कि वह आत्महत्या नहीं कर सकता। अब सवाल ये है कि अगर उसने खुदकुशी नहीं की तो हत्या किस वजह से हुई।इस बारे में भी घरवाले कुछ नहीं बोल पा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है। शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं मिले हैं। इसलिए अभी ई रिक्शा चालक की मौत संदिग्ध बनी हुई है। मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र के दालमंडी निवासी कृष्ण कुमार यादव अपना काम धंधा करते हैं। उनके पांच बेटे और तीन बेटियां हैं। तीनों बेटियों की शादी हो चुकी है। चार बेटों की भी शादी हो चुकी है। सबसे छोटा बेटा दीपक यादव उर्फ दीपू (25) ई रिक्शा चलाता था।वही मां सुंदर देवी और पिता का भरण पोषण करता था। कृष्ण कुमार यादव के मुताबिक, रोज की तरह 4 मार्च की रात में करीब 9:30 बजे खाना खाने के बाद दीपू घर से टहलने के लिए निकला था। उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। रात भर घर वाले परेशान रहे।

**परिजनों ने एक दिन बाद दर्ज कराई गुमशुदगी :** 5 मार्च को भी जब कुछ पता नहीं चला तो मुट्ठीगंज थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई। इस बीच 06 मार्च को दोपहर में कीडगंज थाना क्षेत्र के नए यमुना पुल और मनकामेश्वर मंदिर के बीच में यमुना नदी में एक युवक की लाश पाई गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। इसलिए अज्ञात शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया।शव की फोटो पुलिस ने सोशल मीडिया पर जारी करके शिनाख्त कराने की कोशिश की। जिसके आधार पर मंगलवार को उसकी पहचान दीपक यादव उर्फ दीपू के रूप में हुई। पहचान के बाद शव का पंचायतनामा करके पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें डूबने से मौत की पुष्टि की गई।हालांकि कीडगंज पुलिस का कहना है कि उसे जो जानकारी मिली है उसके मुताबिक युवक नए यमुना पुल से कूदा था। जिसकी बॉडी सोमवार को गोताखोर मनोज निषाद ने निकाली थी। इंस्पेक्टर की रेंज राममूर्ति यादव ने बताया कि फिलहाल आत्महत्या ही लग रहा है। बाकी परिवार के लोग अगर कुछ आरोप-प्रत्यारोप लगाते हैं। कोई तहरीर देते हैं तो जांच करके कार्रवाई की जाएगी।



## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महिला कर्मी हुई सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन, मुख्यालय, प्रयागराज की ओर से उत्तर मध्य रेलवे के मुख्यालय कार्यालय एवं रेलगॉव कालोनी, सूबेदारगंज में प्राईवेट एजेंसी के माध्यम से हार्टिकल्चर एवं सफाई कार्य में योगदान कर रही महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हार्टिकल्चर का कार्य करने वाली कुल 34 महिलाओं एवं रेलगॉव कालोनी, सूबेदारगंज में प्राईवेट एजेंसी के माध्यम से सफाई कार्य में लगे कुल 20 महिला एवं पुरूष कर्मियो को संगठन की अध्यक्षा डॉक्टर श्रीमती रूबी रानी सिंह महोदया द्वारा स्पन्दन क्लब, सूबेदारगंज में उपयोगी उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा श्रीमती ज्योत्सना गुप्ता, सचिव श्रीमती नूपुर अग्रवाल, श्रीमती शांता बेउरा, श्रीमती डा. ए श्रीवल्ली, श्रीमती ममता वर्मा, श्रीमती निरूपमा श्रीवास्तव, श्रीमती रेणु पोनिया, श्रीमती नीलम कुमार, श्रीमती शैल पाण्डेय, श्रीमती श्रुति सचान एवं श्रीमती रीना पाण्डेय उपस्थित रहीं।

### दिव्यांग बच्चों की अनोखी होली...

# सरेबल पॉलिसी से पीड़ित बच्चों ने पेश की मिसाल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कहते है अगर हौसला बुलन्द हो तो कुछ भी हो सकता है और यह मिसाल कायम किया है प्रयागराज में विकलाँग बच्चो ने । विकलांग बच्चों की होली खेलते देख सभी लोग दंग रह गये । मौका था होली के बहार का, होली के गीतों की धुन पर थिरकते और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते यह विकलांग बच्चे मानो पूरी दुनिया को होली के रंग में डूबा देना चाहते हैं। और पूरी तरह से जश्न में डूबे हुए है। प्रयागराज के मशहूर डॉक्टर जीतेंद्र कुमार जैन के नेतृत्व में सरेबल पॉलिसी और अन्य दिव्यांग बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए होली मिलन समारोह रखा गया। समारोह के दौरान बच्चे सभी ने जमकर रंग गुलाल उड़ाए और समाज को सौहार्द का संदेश दिया। अभिभावको के साथ बच्चों ने जमकर होली खेली । होली में विदेशी बच्चो ने

### देश प्रदेश और विदेश से आये दिव्यांग बच्चों में उत्साहवर्धन के लिए रखा गया होली मिलन समारोह





भी जम कर होली खेली और रगों से अपने आप को सराबोर कर लिया। समारोह में बच्चों की होली खेलते देख परिवार के लोग भी खुशी से झूम उठे इस दौरान नेपाल, बांग्लादेश के साथ साथ देश के अन्य प्रदेशों से ऐसे लोग आए थे जो अपने बच्चों को यहां इलाज करा रहे हैं समारोह के आयोजक डॉ जितेंद्र ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सरेबल पॉलिसी से पीड़ित बच्चे व उनके परिजनों का भी मनोबल बढ़ता है। दिव्यांग बच्चों की अनोखी होली पिछले कई सालों से मनाई जा रही है बच्चों और अभिभावकों ने होली खेलने के साथ साथ रंगारंग कार्यक्रम भी पेश किए । समारोह में हिस्सा लेने आए अभिभावकों ने कहा कि उनका बच्चा सरेबल पॉलिसी से पीड़ित है लेकिन हर साल वह होली मिलन के अनोखे कार्यक्रम में हिस्सा लेने जरूर आती है इस समारोह से उनके बच्चे को अलग ऊर्जा मिलती है। गौरतलब है कि हर वर्ष सरेबल पॉलिसी से पीड़ित बच्चों की संख्या में इजाफा देखने को मिला है ।डॉक्टर जितेन्द्र कुमार जैन बताते हैं कि इस बीमारी से पीड़ित बच्चों का मनोबल बढ़ाना सबसे बड़ा इलाज है। बीते कई सालों से इसी तरह का कार्यक्रम हर साल आयोजित किया जाता है। जिसमें भारी संख्या में सरेबल पॉलिसी से पीड़ित बच्चे एक दूसरे को गुलाल लगाते हैं और एक दूसरे के साथ गले मिलकर खुशी जाहिर करते हैं।

# प्रयागराज में होली के बाजारों में बुलडोजर का क्रेज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पूरे देश में 8 मार्च को होली का पर्व है ऐसे में प्रयागराज के बाजार सज चुके हैं। इस बार प्रयागराज के बाजारों में बुलडोजर का क्रेज छाया हुआ है बुलडोजर पिचकारी रंग बुलडोजर टी-शर्ट के साथ-साथ राजनीतिक दलों के नेताओं की भी टी शर्ट की खूब बिक्री हो रही है ।खरीदारी करने आ रहे हैं लोग खासकर बच्चे कार्टून की पिचकारी के साथ-साथ बुलडोजर वाली पिचकारी खरीद रहे हैं। गौरतलब है कि बीते कई दिनों से प्रयागराज के साथ-साथ यूपी के कई जिलों में अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ योगी सरकार की कड़ी कार्रवाई चल रही है कई मकानों को चिन्हित करके ध्वस्त किया जा रहा है जिसको देखते हुए बाजारों में बुलडोजर की धूम है। बुलडोजर भगवा रंग के साथ साथ योगी आदित्यनाथ और अखिलेश यादव की भी फोटो लगी हुई है। इस बार भी बच्चों का भी ख्याल रखा गया है और हर बार की तरह इस बार भी डोरेमोन, पोकीमॉन ,छोटा भीम , स्पाइडर मैन जैसी पिचकारी



**रंग से लेकर बुलडोजर वाली पिचकारी की सबसे अधिक डिमांड, कई जिलों में लगातार हो रहे बुलडोजर एक्शन को लेकर लोगों में उत्सुकता**

भी रौनक बढ़ाई हुए हैं। होली के बाजारो में आत्मनिर्भर भारत की झलक भी देखने को मिली है मतलब अधिकतर समान मेड इन इंडिया है यानी कि भारत में बने सामानों को बेचा जा रहा है। बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है और ग्राहकों का भी कहना है कि कोरोना के मामले कम होने की वजह से अब वह भी त्यौहार अच्छे से मना सकेंगे । प्रयागराज के रहने वाले राजेश कुमार कनौजिया का कहना है कि अबकी बार होली में बुलडोजर का रंग चढ़ा हुआ है जिसकी वजह से उन्होंने बुलडोजर भगवा रंग खरीदा है साथ ही साथ बुलडोजर पिचकारी भी खरीद रहे हैं। उनके बच्चे भी बुलडोजर पिचकारी ही खरीद रहे हैं। पिछली बार के मुताबिक इस बार मंहगाई का असर भी देखा गया है लेकिन त्यौहार है इसलिए वह खरीदारी कर रहे हैं ।उधर प्रयागराज के सबसे बड़े व्यापारी मोहम्मद कादिर का कहना है कि इस बार महंगाई का असर देखा जा रहा है पिछली बार की तुलना में इस बार 30% सामान मंहगे हुए है लेकिन इस बार बुलडोजर कार्रवाई से लोग प्रभावित होकर के रंग से लेकर पिचकारी और टीशर्ट भी बुलडोजर की ही मांग रहे हैं इसके साथ ही राजनीतिक नेताओं की टी-शर्ट और पिचकारिया सजी हुई है लेकिन सबसे ज्यादा कृष बुलडोजर का ही दिख रहा है ।बाजारो में लगातार बढ़ रही रौनक यह दर्शा रही है कि इस बार होली का त्यौहार लोग धूमधाम से मनाया जाएगा।



भक्त



# होली की गुझियों की मिठास के साथ शबे बरात के हालुओं का भी स्वाद है खास...

डा.शमीम

**पसना।** होली हिंदू धर्म का प्रमुख त्योहार है। देश के साथ-साथ विदेशों में बसे भारतीयों के बीच भी यह त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है ।इस त्यौहार के साथ यह किवदंती जुड़ी है कि हिरण्यकशिपु की बहन होलिका को वरदान प्राप्त था कि वह आग में भस्म नहीं हो सकती। हिरण्यकशिपु ने आदेश दिया कि होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठे। आग में बैठने पर होलिका तो जल गई, पर प्रह्लाद बच गया। ईश्वर प्रह्लाद की याद में इस दिन होली जलाई जाती है ।बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में भी इस त्यौहार को मनाया जाता है। होली पर हर भारतीय घर की रसोई में विशेष पकवान व गुझिया जरूर बनाई जाती है। इस वर्ष होली के खास अवसर पर ही मुस्लिमों का पवित्र त्यौहार शबे बारात भी पड़ रहा है,मुस्लिम समुदाय के बीच शब-ए-बारात वह रात मानी जाती है, जब अल्लाहताला की अपनी बंदों की तरफ खास तवज्जो होती है। अल्लहा के बंदों के पास यह मौका होता है, जब वह अपने गुनाहों की माफी मांगते हैं साथ ही अल्लाह से उन तमाम लोगों के भी गुनाह माफ कर उन्हें जन्नत में जगह देने की दुआ करते हैं, जो दुनिया से गुजर गए हैं। शबे बारात के खास मौके पर विभिन्न प्रकार का हलुआ बनाकर मरहूम लोगों की याद में फातिहा पढ़ा जाता है। रात भर मस्जिदों में जाग कर विशेष नमाज अदा की जाती है व कब्रिस्तानो को विशेष रोशनी से सजाया जाता है। अनेकता में एकता लिए हुए हर त्यौहार देश में गंगा जमुनी तहजीब को मजबूती प्रदान करते हैं।

# संस्कृति की संस्कृति के लिये शिक्षाविद पीढ़ी को राष्ट्रीयता के प्रति समर्पण का बोध कराएंः प्रमोद तिवारी

## वार्षिकोत्सव में राज्यसभा सदस्य ने भारतीय मेधा की किया हौंसला आफजाई



वार्षिकोत्सव को संबोधित करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मेलजोल की हमारी अनूठी संस्कृति को मजबूत बनाते हुए युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय चरित्र का शिक्षाविद सशक्त बोध कराएं। उन्होने कहा कि दुनिया के बदलते परिवेश मे सशक्त भारत का यह वैभवशाली नेतृत्व दिनोदिन इसलिए अग्रेतर है क्योकि भारत का ज्ञान एवं विज्ञान मेधाशक्ति का पूरे विश्व में आज परचम लहरा रहा है।

सांसद प्रमोद तिवारी मंगलवार को दलापटटी स्थित जेएनएस पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव मे बतौर मुख्यअतिथि कहा कि शिक्षा का स्वरूप मेधावियों मे उच्च ज्ञान की क्षमता विकसित करने के साथ राष्ट्रीय प्रगति एवं नवनिर्माण के प्रति दृढ़ संकल्प की प्रेरणा पर केन्द्रित होना चाहिए। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि देश की प्रतिभाएं दुनिया के कई देशो मे जिस तरह से हमारी गौरवगाथा का चार चांद लगा रही है वह सिर्फ प्रतिभाओं मे कडी मेहनत व लगन के साथ सर्वश्रेष्ठता के मुकाम को हासिल करने का सफल संकल्प है।

श्री तिवारी ने कार्यक्रम में अभिवावको तथा छात्र छात्राओं को स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से होली की मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम एवं भाईचारा को प्रदर्शित करने वाला अनूठा पर्व है। उन्होने कहा कि देश दुनिया मे भारत की अनेकता मे एकता दशार्ने वाले इस पर्व से यह भी संदेश मिलता है कि हम भारतीय मानवता और इंसानियत को सदैव गले लगाते है। उन्होने कहा कि भारत की सबसे बडी शक्ति भी यही है कि यहां विविध जाति एवं धर्म को मानने वाले लोग रहते हैं किन्तु वे आपस मे एक दूसरे से अगाध प्रेम व स्नेह करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू व संचालन रामअभिलाष शर्मा ने किया। प्रबंधक उमाशंकर शर्मा ने शैक्षिक प्रगति आख्या रखी।

## उत्तरोतर विकास की मजबूती का पर्व है होलीः मोना

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने होली पर्व पर रामपुर खास के उत्तरोतर विकास की मजबूती के साथ लोगों को समृद्धिशाली भविष्य की खुशहाली का भरोसा दिलाया है। मंगलवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी बयान में सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि होली का पवित्र पर्व हमें सामूहिक एकता के साथ विकास तथा शांति के पथ पर अग्रसर बने रहने का शाश्वत संदेश प्रदान करता है।

उन्होने लोगों से शांति व सदभाव तथा बंधुत्व की भावना के साथ क्षेत्रीय विकास की मजबूती मे सहयोग का आहवान करते हुए गौरवशाली भारत के निर्माण मे भी होली के पर्व पर प्रतिबद्धता का संकल्प मजबूत करने पर जोर दिया है। विधायक मोना ने प्रदेश भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओ के साथ जनता तथा रामपुर खास परिवार को होली पर सौहार्द व प्रगति के स्वर्णिम भविष्य की मजबूती की मंगलकामना के साथ रामपुर खास को विकास का शक्तिशाली केन्द्र बनाए रखने के अपने मिशन मे भी तेजी बनाए रखने का भी भरोसा दिलाया है।

# आदर्श महिला स्वयं सहायता समूह काला काकर की महिलाएं हो रही है आत्मनिर्भर

## महिला दिवस पर महिलाएं स्वयं बनी आत्मनिर्भर



चिप्स बनाती स्वयं सहायता समूह की महिलाएं।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़/परियावां।** आदर्श महिला स्वयं सहायता समूह काला काकर का समूह अलग-अलग अवसरों पर जैसे दीपावली के अवसर पर मोमबत्ती होली के अवसर पर पापड़ चिप्स बनाकर स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बन रही है तथा अपनी परिवार की जरूरतों को पूरा कर रही हैं सरकार द्वारा सीआईएसएफ ग्रांड के रूप में उप समूह को 110000 अब तक प्राप्त हुए हैं।

होली के अवसर पर दिसंबर से अब तक लगभग 10000 प्रति समूह महिला सदस्य धन और जन कर लेते हैं। पूछने पर समूह की अध्यक्षा नीलू जायसवाल ने बताया कि आलू सूजी साबूदाना मैदा का तथा चिप्स आज होली के समय में लगभग 3 माह समूह की महिलाएं एकजुट होकर कार्य को अंजाम देती हैं लगभग 10000 इन 3 महीनों में प्रत्येक महिला कमा लेते हैं साथ ही समूह से हम लोग आपस में अपनी जरूरतों के हिसाब से लेन-देन भी करते हैं इन महिलाओं ने बताया कि कोरोनावायरस पर हम लोग माक्स बनाए उसके बाद मोमबत्ती उनका कहना है कि हम लोग मोमबत्ती के लिए कच्चा माल कानपुर से ले आते हैं और अपनी मोमबत्ती को बनाकर क्षेत्रीय बाजारों तथा केवीके के माध्यम से कानपुर कि बाजारों में भेजते हैं और जो भी प्रॉफिट लाभ होता है उसे सभी समूह के सदस्यों को दिया जाता है पूरे वर्ष में प्रत्येक सदस्य कम से कम 24000 कमा लेती हैं और अपने जरूरतों को स्वयं पूरा कर आत्मनिर्भर रहती हैं सरकार की राष्ट्रीय आजीविका मिशन एन आर एल एम के तहत हमारा समूह गांव को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। महिला दिवस के अवसर पर हमारा समूह अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणादायक है।

# होलिका दहन पर जरूरतमंद छात्रों को निशुल्क बैग का वितरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने अनाथ और जरूरतमंद छात्रों संग होली का त्योहार मनाया। होलिका दहन पर भंगवा गांव में फ्री स्टडी सेंटर पर बच्चा बैंक की तरफ से बारह छात्रों को निशुल्क स्कूली बैग दिया गया। इनके पास बैग का अभाव था।

कॉपी, किताबें पन्नी में भरकर स्कूल ले जाते हैं। जगेसरगंज के हतसारा गांव में अनाथ छात्रा ज्योति और उसके भाई बहनों को होली की खुशियां देने बच्चा बैंक के लोग पहुंचें। ग्रुप की तरफ से रंग खेलने के लिए पिचकारी, गुझिया, गुलाल दिया। ग्रुप के सहयोगी सोशल एक्टिविस्ट अश्वनी केसरवानी ने छात्रों से कहा गया कि होली में पेंट और वार्निश का इस्तेमाल न करें। कीचड़ और गोबर से होली न खेलें। ये स्वास्थ और चेहरे दोनो के लिए हानिकारक हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रिंसिपल शनि सरोज ने किया। कार्यक्रम में खुशी, साहिबा, नैंसी, साहिल, निखिल, हिमांशु, अजय समेत कई छात्र और छात्राए मौजूद थे।

## हतसारा में अनाथ संग बच्चा बैंक ने मनाई होली, दिया उपहार

## साठ लीटर शराब बरामद, दो के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने ताबडतोड छापेमारी कर साठ लीटर शराब के साथ भारी मात्रा मे लहन बरामद करने मे सफलता ली। पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ आबकारी अधिनियम का केस भी दर्ज किया है। पुलिस ने मंगलवार की भोर करीब पांच बजे मुखबिरी सूचना पर थाना क्षेत्र के हण्डौर बाल्दियान व खलहिया में छापेमारी की। पुलिस की कार्रवाई में चार कुंविटल लहन व साठ लीटर शराब बरामद भी हुई।

# होली पर्व को लेकर बाजारों मे दिखी रौनक, प्रशासन भी रहा अलर्ट

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** होली के त्यौहार को लेकर एक दिन पूर्व बाजारो मे रौनक दिखी। इधर पुलिस व प्रशासन भी प्रमुख बाजारो मे पैदल गश्त के साथ वाहनो के भी मार्च में मुस्तैदी से देखा गया। मंदिरो मे भी होली के एक दिन पहले श्रद्धालुओ को देवी देवताओं की प्रतिमाओं पर अबीर व गुलाल तथा भोग प्रसाद अर्पित करने मे आस्था की उमंग मे देखा गया।

होली के त्यौहार को लेकर मंगलवार को स्थानीय लालगंज बाजार समेत तहसील की बाजारो मे खरीददारी के लिए दोपहर बाद से भीड जुटने लगी। लोगों की द्वारा गुझिया समेत मिष्ठान के साथ अबीर व गुलाल तथा रंग आदि की खरीददारी को लेकर दुकानो पर लम्बी लाइने दिखी। बच्चो मे रंग बिरंगी पिचकारी तथा मुखौटों की खरीद को लेकर खासा उत्साह देखा गया। वहीं सगरा सुंदरपुर, रानीगंज अजगरा, साहबगंज, बाबूगंज, धारूपुर, रामपुर बावली, रानीगंज कैथौला, राहाटीकर, रेहुआ लालगंज, अठेहा, सांगीपुर, दीवानगंज बाजारों मे भी त्यौहार को लेकर खरीददारी का उत्साह देर शाम तक दिखा। मंगलवार को बाबा घुइसरनाथ धाम मे परम्परागत मेले के साथ होली की रौनक बढ़ चढ़कर दिखी। श्रद्धालु जलाभिषेक के साथ बाबा को अबीर व गुलाल तथा भोग प्रसाद लगाने मे उत्साहित दिखे। मंदिर परिसर मे भगवान वेंकटेश्वर स्वामी तथा रामलला एवं हनुमान जी महराज के साथ मां दुर्गा व श्रीगणेश लक्ष्मी को भी श्रद्धालु अबीर गुलाल के साथ श्रद्धा के पुष्प अर्पित करते दिखे। लालगंज के हरिहरमंदिरम, मां इनहन भवानी, बड़े हनुमानजी मंदिर पर भी आस्था का उमंग अबीर व गुलाल मे महकता दिखा। एसडीएम उदयभान सिंह, सीओ रामसूरत सोनकर, तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह भी तहसील क्षेत्र मे फोर्स के साथ भ्रमण कर शांति व व्यवस्था में मुस्तैद दिखे। थाना क्षेत्रो मे पुलिस की भी पैदल गश्त तथा वाहनो के साथ मार्च मे एहतियातन प्रबन्धों को पुख्ता बनाते देखा गया।

# भयहरणनाथ धाम की भूमि को कब्जा मुक्त कराने में सहयोग करें डीएमः प्रबन्ध समिति

## भयहरणनाथ धाम से निकलेगा मासिक मुखपत्र

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में प्रबंध समिति की बैठक में तय हुआ कि अप्रैल माह से धाम की गातिविधियों व कार्यक्रमों तथा इतिहास को केन्द्र में रखकर भयहरणनाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान द्वारा प्रतिमाह श्री भयहरणनाथ धाम नामक मुख पत्र प्रकाशित होगा। बैठक में सभी सदस्यों ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ से धाम की भूमि को कब्जा मुक्त कराने में सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है।

प्रबंध समिति बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष अरविंद नारायण त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य ने की। संयोजन अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल ने किया। विशेष अतिथि के रुप में वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार उमेश श्रीवास्तव ने प्रतिभाग कर मुख पत्र के संदर्भ में योजना व टीम पर प्रारम्भिक चर्चा हुई।

तय हुआ की अगली बैठक 12 मार्च को धाम में योजना को अंतिम रुप दिया जायेगा साथ ही होली उत्सव का पारम्परिक आयोजन होगा। बैठक का संचालन करते हुए महासचिव समाज शेखर ने सभी का स्वागत किया और प्रस्ताव रखे। तदोपरांत चर्चा के बाद तय हुआ कि धाम में सुव्यवस्थित तरीके से ही गतिविधियां संचालित होंगी। गैर कानूनी व बिना सामाजिक मान्यता के किसी भी प्रकार की गतिविधियां धाम में नहीं चलेगी। बैठक में कोषाध्यक्ष लाल जी सिंह, सचिव आलोक बैरागी, भाउ जी महराज, प्रभाकर पांडेय, भोला पांडेय, कार्यालय प्रभारी अंकित पांडेय तथा स्वच्छता प्रभारी नीरज मिश्र शामिल रहे।

# दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की दुर्घटना मे मौत हो गयी। सांगीपुर थाना क्षेत्र के बसुआपुर लक्ष्मीकांतगंज निवासी सत्य नारायण पाण्डेय का पुत्र रामलखन पाण्डेय 55 साइकिल से मंगलवार को घुइसरनाथ धाम दर्शन करने जा रहा था। दोपहर एक बजे देउम पश्चिम गांव के समीप वह पहुंचा तो सामने से अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस घायल को एम्बुलेंस से सांगीपुर सीएचसी लेकर पहुंची। यहां चिकित्सको ने रामलखन को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी घर पहुंची तो पत्नी मनीला पाण्डेय समेत परिजन विलाप करने लगे। मृतक के तीन लड़के प्रदीप पाण्डेय, प्रभाकर पाण्डेय, छुडडर पाण्डेय के सिर से पिता का साया होली के ठीक एक दिन पूर्व उठ जाने से मृतक के गांव मे भी दुख का माहौल देखा गया। इधर पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कर देर शाम पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है।

# फाल्गुनी पूर्णिमा पर पर श्रद्धालुओ ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़/परियावां।** फाल्गुनी पूर्णिमा के पावन पर्व पर कालाकांकर गंगा घाट, नवाबगंज गंगा घाट के पवित्र गंगाजल में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भोर से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगाई।

गंगा स्नान के पश्चात श्रद्धालुओ ने मां गंगा की पूजन अर्चन किया और परिवार के सुख समृद्धि की कामना के लिए अन्न दान व दान दक्षिणा किया। इस मौके पर स्थानीय थाना क्षेत्र की पुलिस भी सक्रिय दिखी। बता दें कि फाल्गुनी पूर्णिमा पर होलिका का लोगों ने पूजन भी किया और इसके पहले भोर में गंगा जल ले आकर होलिका में समर्पित किया।



गंगा घाट पर स्नान करते श्रद्धालु।

# ऑटो पार्ट्स से पैसा लेकर भाग रहा युवक गिरफ्त में, सनसनी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना के सगरा सुंदरपुर बाजार मे आटो पार्टस की दुकान पर कैस काउण्टर से पैसा निकालकर फुर्र हो रहे युवक को ग्रामीणों ने दबोच लिया। ग्रामीणों ने युवक को कर्रा कर दुकान के मालिक को पैसा वापस कराया। सगरा सुंदरपुर के पहाडपुर मोड पर शिव कुमार आटो पार्टस की दुकान के संचालक है। सोमवार को देर शाम एक युवक दुकान मे आया और भीडभाड देख कैस काउण्टर से पैतालिस हजार रुपए निकाल लिया। इस बीच सीसी कैमरे मे आरोपी युवक की हरकत वहां मौजूद कुछ लोगों ने देख लिया। वहां मौजूद लोगों ने युवक को कर्रा किया और पूछताछ के बाद पैसा दुकान संचालक को वापस करा दिया। हालांकि लोगों के हस्तक्षेप से मामले मे दोनों पक्षो की सुलह भी हो गयी। इस बाबत लीलापुर प्रभारी निरीक्षक सुभाष यादव का कहना है कि पुलिस को इस प्रकार की घटना की जानकारी नही है। यदि तहरीर मिली तो जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इधर सरेबाजार कैस काउण्टर से कैश निकालने वाले युवक की गतिविधि की चर्चा को लेकर बाजार में सनसनी का भी माहौल बना दिखा।

# आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र मे सोमवार की रात दो युवक खेत से मवेशी भगाने गये थे। घर वापस लौटते समय आरोपियो ने युवको की पिटाई कर दी। मारपीट की घटना को लेकर पीडित के पिता की तहरीर पर उदयपुर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। नहर गांव निवासी राजकुमार सिंह व उसका चचेरा भाई सोनू सिंह सोमवार की रात खेत की रखवाली करने गये थे। खेत मे मवेशियो को युवको ने भगाया। इसके बाद युवक वापस घर लौट रहे थे कि रेहुआ लालगंज के समीप पूरे पुरंदर का पुरवा गांव के आरोपी दान बहादुर सिंह, विवेक सिंह व गौरव सिंह ने गालीगलौज करते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर युवको को घायल कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची तो आरोपी मौके से भाग निकले।

# एलायंस क्लब ने वृद्धा आश्रम में बुजुर्गों संग मनाई होली की खुशियां

## बुजुर्गों संग होली मना कर परिवार की कमी को कम करने की की गई कोशिश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** होली के शुभ अवसर पर एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा वृद्धाआश्रम महुली में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृद्धाआश्रम में रह रहे बुजुर्गों ने होली गीत और चुटकुले गाकर होली के त्यौहार में चार चांद लगा दिए।

क्लब के पदाधिकारियों ने सभी को गुझिया मिष्ठान आदि उपहार भी दिए। सभी बुजुर्गों को रंग व टोपी पहना कर सम्मान भी किया गया। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि होली का त्यौहार तभी सार्थक है जब हर घर में गुझिया खाई जाए। उसी क्रम में आज हम सब वृद्धाआश्रम में रह रहे बुजुर्गों को उपहार देकर उनके साथ होली की खुशियां मनाई जिससे यहां रह रहे बुजुर्गों को अपने परिवार वालों बच्चों की कमी ना महसूस हो। आज वृद्धाआश्रम में रह रहे बुजुर्गों का खुशी का ठिकाना नहीं रहा सभी ने गाने और गीत से सभी का मनमोह लिया। इस अवसर पर संतोष कुमार, राजू उमरवैश्य, छेदीलाल, देवानंद, मनोज कुमार, विवेक कुमार, अंबिका प्रसाद आदि उपस्थित रहे।



वृद्धा आश्रम में होली मनाते एलायंस क्लब के पदाधिकारी।

## 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना महेशगंज से उ0नि0 राहुल कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम गुजवर से कुन्दन सरोज पुत्र रामखेलावन सरोज नि0 गुजवर भीटा थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना पंजीकृत किया गया है। उधर थाना महेशगंज से उ0नि0 दीपक कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम रुमतीपुर, रायअसकरनपुर से रामकरन सरोज पुत्र फूलचन्द्र सरोज नि0ग्राम रुमतीपुर मजरे रायअसकरनपुर थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# मानसिक बीमारी से तंग आकर युवक की रेलवे ट्रैक पार करते समय दर्दनाक मौत

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक पर मंगलवार की सुबह रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पर पहुँची मानिकपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर लिखा पढ़ी करके पीएम को भेजा।

बताया जाता है कि मानिकपुर थाना के तिवारीपुर निवासी अखिलेश पटेल लगभग एक वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गया था। पैसे की कमी के चलते अपना इलाज नहीं करा सके जिससे मानसिक संतुलन बिगड़ गया और मंगलवार की सुबह गढ़ी मानिकपुर रेलवे स्टेशन व कुन्डा हरनामगंज रेलवे स्टेशन के बीच बबुल्लापुर रेलवे क्रांसिंग पार करते समय लखनऊ से प्रयागराज संगम को जा रही नौचन्दी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया सभी परिजन घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुँची सिविल व रेलवे पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद मानिकपुर पुलिस ने शव की लिखा पढ़ी करके पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक की पत्नी मंजू का रो-रोकर बुरा हाल है।

## परिजनों में मचा कोहराम

# मोछहा नहर के पास दिखा भालू, हड़कंप

अखंड भारत संदेश



मोछहा नहर के पास टहलता भालू

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के गोडे.गांव के पास मोछहा नहर है। इसके बगल आज नहर से आता भालू दिखाई पड़ा। भालू की खबर गांव मे बिजली की तरह फैल गई और ग्रामीण जुट गये। भालू देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। भीड़ देखकर भालू इधर-उधर टहल रहा था। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम पहुंची तो जाल में फंसाकर भालू को कब्जे में किया गया और वन विभाग के कर्मचारी उसे जंगल में लेकर चले गये, तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

# सड़क दुघर्टना कारित कर फरार दो अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना मान्धाता के भगवतगंज बाजार में एक बस नं0 यूपी 70 बीटी 7114 से एक बालक की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 45/23 धारा 279, 304, 307, 308, 504, 506 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया था। थाना मान्धाता के उ0नि0 श्री मो0 इबरार अंसारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/विवेचना के दौरान थाना क्षेत्र मान्धाता के तरौल चैराहा के पास से अभियोग उपरोक्त से सम्बन्धित दो अभियुक्तों सत्य नारायण उर्फ मुन्ना पुत्र केशव प्रसाद नि0 जमुआ थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ व राजभवन सिंह पुत्र जगतबहादुर सिंह नि0ग्राम सरायभूपत थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ को घटना में प्रयुक्त बस टाटा मारकोपोलो नं0 यूपी 70 बीटी 7114 के साथ गिरफ्तार किया गया।

## खबर संक्षेप

### सरकारी विद्यालयों में 9 मार्च को अवकाश का आदेश हुआ जारी

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश सरकार ने पत्रांक संख्या बेसिक शिक्षा परिषद 30 804/ 977/ 2022- 23 दिनांक 30/ 12/ 2022 का संदर्भ ग्रहण कराते हुए उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित विद्यालयों/ मान्यता प्राप्त विद्यालय में वर्ष 2023 में दिए जाने वाले अवकाश की तालिका निर्गत की गई है जिसमें 9ँ मार्च की अवकाश नहीं था उत्तर प्रदेश शासन सभी विद्यालयों को आदेशित करते हुए सभी जनपद के विद्यालयों में 9 मार्च 2023 का अवकाश घोषित किया है।

### ग्राम प्रधान ने वितरित किया होली का उपहार

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय के मंझनपुर ब्लॉक क्षेत्र के कोतारी पश्चिम ग्राम प्रधान ने होली के मद्देनजर गरीबों विधवाओं और विकलांगों को चीनी रिफाइंड तेल मैदा वितरित किया है बताया जा रहा है कि ग्राम प्रधान तमन्ना बीवी ने दीवार कोतारी पश्चिम में गरीब बेसहारों विधवाओं और विकलांगों को होली के शुभ अवसर पर मैदा चीनी और रिफाइंड तेल वितरित किया है गांव के लोगों ने तेल चीनी मैदा पाकर ग्राम प्रधान को होली की होली की शुभ कामनाएं दी है।

# घूस के दम पर होली के छुट्टी के दिन नाप करने पहुंचे कानूनगो को तहसीलदार ने लगाई फटकार

## दबंगों व दलालों के घर में सुबह आठ बजे से ही बैठकर लेखपाल कानूनगो रचते रहे षड्यंत्र कर रहे अधिकारी को गुमराह

अखंड भारत संदेश



मौके पर लगी भीड़

**कोखराज कौशांबी।** घूस और भ्रष्टाचार की रकम में कितनी अधिक ताकत होती है इसको देखना है तो आपको सिराथू तहसील के ककोड़ा गांव चलना होगा जहां केवली देवी की जमीन पर कब्जा कराने का ठेका ले चुके कानूनगो लेखपाल ने होली की छुट्टी के दिन भी जमीन की नाप करने गांव पहुंच गए हैं इस मामले में किसी अधिकारी का आदेश भी नहीं है लेकिन कानूनगो लेखपाल छुट्टी के दिन जमीन नाप करने के लिए उतावले दिखाई पड़ रहे हैं बताया जाता है कि कानूनगो लेखपाल ने दूसरे की जमीन को नापने के नाम पर डेढ़ लाख का ठेका ले लिया है इस जमीन का सड़क चौड़ीकरण में मुआवजा मिलना है जिससे मुआवजे की रकम का 5 प्रतिशत हिस्सा कानूनगो लेखपाल ने घूस में ले लिया है होली की छुट्टी के दिन जमीन की नाप करने पहुंचे कानूनगो लेखपाल के कारनामों की जानकारी ग्रामीणों ने तहसीलदार को दी जिस पर कानूनगो लेखपाल को कड़ी फटकार लगाते हुए तहसीलदार ने नाप करने से रोक दिया है कानूनगो लेखपाल के कारनामो को गंभीरता से लेना होगा और गांव में खूनी रंजिश की पृष्ठभूमि तैयार कर रहे कानूनगो लेखपाल को निलंबित कर उनके कारनामों की जांच कराते हुए इन पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की जरूरत है। सिराथू तहसील के ककोढा ग्राम पंचायत में हाइवे पर स्थित कई बेशकीमती विवादित जमीनो में लेखपाल कानून गो की कमाई का रास्ता खुल गया और धन उगाही का साधन बन गई है कई पक्ष जिनकी जमीन हैं उनको हटा कर दूसरे पक्ष से घूस ले कर जबरन परेशान कर धन उगाही में जी जान से लगे हुए हैं तमाम पक्षो के बीच विवाद उत्पन्न कर कानूनगो मालामाल होना चाहते हैं बताया जाता है कि एक दबंग के घर में बैठकर कानून गो रिश्तेदारी निभा रहे हैं जिससे दलालों का उत्पात बढ़ता जा रहा हैं और दूसरे की जमीन दूसरे के नाम दर्ज कर मुआवजा दिलाने का असफल प्रयास कर रहे हैं जमीन मालिक को सूचना दिए बगैर बिना फोर्स के जमीन की नाप करने सुबह आठ बजे ही ककोढा पहुँच गए और अपने रिश्तेदारो को लाभ पहुंचाने के लिए मौके पर पहुंच गए और अधिक जमीन की नाप करने लगे जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त हो गया जिसकी शिकायत लोगों ने तहसीलदार को फोन से जानकारी दी जिस पर मौके से पहुंच कर तुरन्त नाप रोक दिया गया इस कारनामे से बड़ी घटनाएं घट सकती हैं बताया जाता है कि चंद रुपयों के लालच में कानून गो लेखपाल को भी दबाव बना कर अपनी मनमानी कर नाप शुरू कर दिया था ज्यादा जमीन राजस्व कर्मचारी द्वारा दूसरों की जमीन में दूसरों का नाम चढाकर वसूली कर रहे है वसूली के चलते ग्राम के ही कुछ दबंग व क्षेत्र के राजनैतिक रसूख नेताओं के सहयोग से जिनकी जमीन नहीं है वह उन लोगों को उकसाकर उनके साथ मिलकर व राजस्व कर्मचारी के साथ मिलकर दूसरे की जमीन का मुआवजा लेने का ठेका ले रहे है जमीन किसी और का मुआवजा किसी को दिलाने के कानून गो के प्रयास से गांव में तनाव की स्थिति बन गयी है जिससे कभी भी बड़ी घटना घट सकती है मामले को अधिकारियों को गंभीरता से लेकर विवादित व गुमराह करने वाले कानून गो पर कार्यवाही करते हुए इस तरह के कृत्य करने वाले कानूनगो को हटा कर नए कानून गो से नाप कराने को ग्रामीणों ने गुहार लगायी हैं ।मुआवजे की कार्यवाही व वास्तविक व्यक्ति को दिलाने का प्रयास करना होगा तभी तनाव की स्थिति खत्म हो सकती है।

### नारी अपने तीनों रूप बेटी पत्नी मां के रूप में परिवार समाज व देश की करती हैं सेवा : निदेशक

**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान द्वारा मंझनपुर मुख्यालय पर महिला दिवस का आयोजन किया गया सर्वप्रथम सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन संस्थान के अध्यक्ष देशराज जायसवाल एवं निदेशक राजकुमार पांडे द्वारा किया गया संस्थान के निदेशक ने अपने संबोधन में कहा कि नारी अपने तीनों रूपों में बेटी पत्नी मां परिवार समाज व देश की सेवा करती हैं तथा यह भी कहा कि चाहे हिंदी में नारी का हो अथवा अंग्रेजी में दोनों में पुरुषों से आगे हैं सनातन धर्म में अथवा अन्य धर्मों में मैं भी महिलाओं का सम्मान देने हेतु उनका नाम सबसे पहले लिया जाता है इसी क्रम में संस्थान के अध्यक्ष देशराज जयसवाल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और महिलाओं के सम्मान में कहा कि चाहे रेलगाड़ी हो हवाई जहाज हो पुलिस फोर्स हो आर्मी हो सभी में महिलाओं का योगदान सबसे आगे है इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के स्टाफ एवं अनुदेशकों का योगदान काफी सराहनीय रहा तथा इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी बृजेंद्र मिश्रा सुकेश कुमार वैशाली राजू शुक्ला सतीश ममता रूबी करिश्मा रूपा नेहा रेशमा आदि लोग मौजूद रहे।

# आज मनाई जायेगी होली पिचकारियों पर चढ़ा महंगाई का रंग

## रोबोट, कार्टून, पिस्तौल आकृति की पिचकारियों की बच्चों की रही पहली पंसद

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** रंगों के त्योहार होली पर बच्चे पिचकारी न चलाएं ऐसा हो नहीं सकता। न सिर्फ बच्चे बल्कि युवा भी पिचकारियों से साथियों पर जमकर रंग बिखेरते हैं। होली का त्योहार बुधवार को मनाया जायेगा, सोमवार को बाजार में विभिन्न तरह की पिचकारियों से दुकाने सजी रही जगह.जगह सजी दुकानों पर पिचकारियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी,लेकिन इस बार पिचकारियों पर महंगाई का असर दिख रहा है। बाजार में कई वैरायटी की पिचकारियां आ चुकी हैं। पांच रुपये से लेकर पांच सौ रुपये तक की पिचकारियां दुकानों पर उपलब्ध हैं। कई ऐसी पिचकारियां भी हैं जिनकी कीमत काफी है। बच्चों को भाने वाली पिचकारियां कई आकृति में हैं। सब्जियों के रूप में भी पिचकारियां दिख रही हैं। इसके अलावा रोबोट समेत अनेक कार्टून की आकृति की भी पिचकारियां बाजार में हैं। एक जमाना था तब बोतल में लगाने वाली स्टील और प्लास्टिक की पिचकारी का चलन था,अब आधुनिक युग में इनकी डिमांड लगभग समाप्त सी हो गई है। भरवारी कस्बे सहित मुख्यालय मंझनपुर सिराथू अझुवा सराय अकिल मनौरी मूरतगंज पश्चिम शरीरा चरवा तिल्हापुर चायल करारी हर्रायपुर सैनी टेवा आदि बाजारों में होली को लेकर पिचकारियों की दुकानें सजी हुई हैं। बच्चे भी अपने परिजनों के साथ दुकानों पर पहुंच रहे हैं। सिराथू, भरवारी, सरायअकिल, अझुवा, मनौरी शमसाबाद हर्रायपुर पश्चिम शरीरा टेवा करारी,तिल्हापुर आदि कस्बों में भी पिचकारियों की दुकानों पर भीड़ रही। दुकानों पर सजी पिचकारियों की डिजाइनें आकर्षक हैं कि उन्हें देख बच्चे खरीद रहे हैं। फलों के रुप में,पिस्तौल की शक्ल में व अन्य देवी देवताओं के रूप में पिचकारियां बाजार में उपलब्ध हैं। दुकानदारो ने बताया कि इस बार पिचकारियों पर भी महंगाई हावी है। पिछले वर्ष बिक्री कम होने के चलते इस बार माल कम मंगाया है। अब बरसाने की होली का मजा लेने के लिए वहां जाने की जरूरत नहीं,घर बैठे ही बरसाने की होली का लुफ्त उठाया जा सकता हैं। इंटरनेट पर रसिको की होली की तमाम क्लिप मौजूद है,जिसमें स्थान विशेष का सजीव प्रसारण होता है। वहीं फेसबुक पर भी होली की धूम मची हुई है। यूजर्स धड़ल्ले से कमेंट और शुभकामनाएं दे रहे हैं। बरसाने की होली दुनिया भर में मशहूर है। हर कोई इस होली कर आनंद लेना चाहता है। लेकिन वहां जाना मुमकिन नहीं हो पाता। 8 व 9 मार्च को रंग की होली होगी। लेकिन बरसाने में एक सप्ताह पहलें से ही लठ मार होली शुरू हो गई है। कौशाम्बी से भी कई रसिक बरसाने गये है। वहा जाने का मन तो कई लोगो का करता है,लेकिन बिजी लाइफ के चलते मौका ही नहीं मिल पाता। सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में पूरी दुनिया ही कम्प्यूटर में मौजूद है। एक क्लिक करते ही घर पर ही बरसाने की होली शुरू हो जाती है। लोग भी इसका खूब लुफ्त उठा रहे हैं। इंटरनेट पर यू.ट्यूब की साइट पर होली की तमाम क्लिप मौजूद हैं। इनमें बरसाना, मथुरा, वृंदावन, गोकुल, नंदगांव आदि की होली के दृश्यों की क्लिपिंग है,जिसे देखकर वहां की मस्ती का एहसास सहज ही हो जाता है। इसके चलते शहर के बुद्धिजीवी इंटरनेट पर होली का खूब आनंद ले रहे है। यू.ट्यूब की क्लिप के अलावा फेसबुक पर सर्फिंग कर रहे है। श्री साईनाथ संकीर्तन मंडल की आशा मौर्य ने कहा कि घर में ही कम्प्यूटर पर बरसाने की होली का लुत्फ उठा रही हैं ।बाजार में होली के रंग,गुलाल पिचकारी टोपी आदि की धूम मची हुई है। इस बार राधे.राधे ब्रांड का रंग आया है,जो लोगों को खूब पसंद आ रहा है,मार्केट में राधे.राधे रंग की डिमांड ज्यादा है। इसकी कीमत पांच से बीस रुपये तक है। इसके अलावा सूर्या ब्रांड के गुलाल का पांच डब्बों वाला गिफ्ट पैक और चाइना पिचकारी की जमकर बिक्री हुई है।



होली पर सजी दुकान

# नगर पालिका परिषद भरवारी के ईओ ने गौशाला में गायों के साथ खेली होली

## गायों को खिलाया गुड,लगाई अबीर किन्नरों को अबीर गुलाल लगाकर होली की दी शुभकामनाएं

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** जिले के नगर पालिका परिषद भरवारी के अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र मिश्रा सोमवार की रात पलहाना स्थित कान्हा गौशाला पहुंचे और गायों के साथ होली खेली,ईओ ने गायों को अबीर गुलाल लगाकर उनके साथ होली खेली और गुड़ खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। उन्होंने किन्नरों को भी अबीर गुलाल लगाकर उनके साथ होली खेली हैं उन्होंने नगर वासियों को होली की शुभकामनाएं दी है। सोमवार को कुछ स्थानों पर होलिका दहन का मुहूर्त माना गया था,जिसके तहत कई स्थानों पर कार्यक्रम भी आयोजित किए गए थी। इसी दौरान नगर पालिका परिषद भरवारी के ईओ शैलेंद्र मिश्रा नगर पालिका के पल्हाना स्थित कान्हा गौशाला पहुंच गए ईओ ने गायों को अबीर गुलाल का तिलक लगाकर उनकी पूजा की उन्हे गुड खिलाया गाय को पानी पिलाया और उनके साथ अबीर गुलाल लगाकर होली भी खेली। अधिशाषी अधिकारी ने नगरवासियों को गुजिया पापड़ खिलाया और होली की शुभकामनाएं दी।



गाय को गुड़ खिलाते अधिशासी अधिकारी

# क्यों मनाई जाती है रंगों का पर्व होली

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** होली क्यों मनाई जाती है जिसे ह्यरंगों का त्योहार के रूप में जाना जाता है, फाल्गुन (मार्च) के महीने में पड़ने वाली पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। होली मनाने के लिए तेज संगीत, ड्रम आदि के बीच विभिन्न रंगों और पानी को एक दूसरे पर फेंका जाता है। भारत में कई अन्य त्योहारों की तरह, होली भी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। प्राचीन पौराणिक कथाओं के अनुसार, राजा हिरण्यकश्यपु की एक पौराणिक कथा है, जिसके साथ होली जुड़ी हुई है।

### होलिका दहन की कहानी

हिरण्यकश्यप प्राचीन भारत में एक राजा था जो एक दानव की तरह था। वह अपने छोटे भाई की मृत्यु का बदला लेना चाहता था जिसे भगवान विष्णु ने मार दिया था। इसलिए सत्ता पाने के लिए राजा ने वर्षों तक प्रार्थना की। अंत में उन्हें एक वरदान दिया गया। लेकिन इसके साथ ही हिरण्यकश्यप खुद को भगवान मानने लगा और अपने लोगों से उसे भगवान की तरह पूजने को कहा ।क्रूर राजा के पास प्रहलाद नाम का एक जवान बेटा था, जो भगवान विष्णु का बहुत बड़ा भक्त था। प्रहलाद ने कभी अपने पिता के आदेश का पालन नहीं किया और भगवान विष्णु की पूजा करता रहा। राजा इतना कठोर था कि उसने अपने ही बेटे को मारने का फैसला किया, क्योंकि उसने उसकी पूजा करने से इनकार कर दिया था। हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका से पूछा, जो आग से प्रतिरक्षित थी, उसकी गोद में प्रहलाद के साथ अग्नि की एक चिता पर बैठना था। उनकी योजना प्रहलाद को जलाने की थी। लेकिन उनकी योजना प्रहलाद के रूप में नहीं चली, जो भगवान विष्णु के नाम का पाठ कर रहे थे, सुरक्षित थे, लेकिन होलिका जलकर राख हो गई। इसके बाद, भगवान विष्णु ने हिरण्यकश्यप का वध किया।

### होली रंग का हिस्सा कैसे बने ?

यह भगवान कृष्ण (भगवान विष्णु के पुनर्जन्म) की अवधि के लिए है। यह माना जाता है कि भगवान कृष्ण रंगों के साथ होली मनाते थे और इसलिए वे लोकप्रिय थे। वह वृंदावन और गोकुल में अपने दोस्तों के साथ होली खेलते थे। गाँव भर में प्रैंक किया और इस तरह इसे एक सामुदायिक कार्यक्रम बना दिया। यही वजह है कि आज तक वृंदावन में होली का उत्सव बेजोड़ है ।होली एक वसंत त्योहार है जो सर्दियों को अलविदा कहता है। कुछ हिस्सों में उत्सव वसंत फसल के साथ भी जुड़े हुए हैं। नई फसल से भरे हुए अपने भंडार को देखने के बाद किसान होली को अपनी खुशी के एक हिस्से के रूप में मनाते हैं। इस वजह से, होली को ह्यवसंत महोत्सव और काम महोत्सव के रूप में भी जाना जाता है।

### रंगों का त्यौहार होली शांति पूर्वक मनाए जिले के किसान : संजय सिंह यादव

**कौशाम्बी।** भारतीय किसान यूनियन भानु संगठन के कौशाम्बी जिलाध्यक्ष संजय सिंह यादव ने जिले के किसान भाइयों से अपील किया है कि होली का त्यौहार रंगों का और आपसी प्रेम का त्यौहार है इसे प्रेमपूर्वक मनाना चाहिए ।बिना भेद भाव के यह पर्व को मनाना चाहिए ।नसे की हालत में वाहन न चलाय,जबरन किसी पर रंग न डाले। कीचड़ और नाली की होली न डाले। कानून को अपने हाथ मे न ले ।जिलाध्यक्ष संजय सिंह यादव ने जिले के सभी अधिकारियों एवं किसानों को होली की हार्दिक शुभकामनाए दिया ।और संगठन के सभी पदाधिकारियों को भी शुभकामनाए दिया।

### शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** आगामी त्यौहार होली व शब–ए–बरात के दृष्टिगत जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल दो ।अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 32 लीटर अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बवाली पुत्र रामविशाल निवासी मोहब्बतपुर बारी उर्फ जलालपुर वारी थाना मोहब्बतपुर पइसा को गिरफ्तार कर कब्जे से 12 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त विश्राम सरोज पुत्र स्व0 रामनिहुरे निवासी रसीद मई थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### बिना फ्रीहोल्ड के कृषि भूमि पर की जा रही प्लाटिंग

#### मंझनपुर सिराथू सराय अकिल मूरतगंज भरवारी पश्चिम सरीरा आदि कस्बा में कृषि योग्य भूमि की प्लॉटिंग कर स्टांप चोरी कर रहे हैं भूमाफिया

**कौशाम्बी।** प्लाट बनाकर बेचने वाले भू माफियाओं ने जिले में बड़ा खेल शुरू किया है पूरे जिले के विभिन्न कस्बों में खुलेआम कृषि भूमि की प्लाटिंग की जा रही है लेकिन उसके बाद भी अधिकारियों ने भू माफियाओं पर कार्रवाई नहीं की है कृषि भूमि की प्लॉटिंग कर जहां भूमाफिया स्टांप चोरी कर रहे हैं वहीं जमीन खरीदने के बाद खरीददारों को मकान बनाने में तमाम तरह की दिक्कतों से जूझना पड़ता है जनपद मुख्यालय मंझनपुर सिराथू सराय अकिल मूरतगंज भरवारी पश्चिम सरीरा आदि क्षेत्रों में कृषि योग्य भूमि की प्लाटिंग बेखौफ तरीके से भू–माफिया करने में लगे हैं नगर पंचायत पूरब पश्चिमशरीरा मे इन दीनो शासन प्रसाशन की आंख मे धूल झोककर कृषि की भूमि पर प्लाटिंग कर भवन निर्माण कराया जा रहा है। अब तक करोड़ों की जमीन खरीदकर लाखो की स्टाम्प चोरी की गयी होगी। इन भू–माफियाओं द्वारा पश्चिमशरीरा हनुमान मंदिर चौराहा मे एक लाख से पांच लाख फुट की जमीन बेची गयी इसी प्रकार पुनवार में कृषि की जमीन पर प्लाटिंग कर बेची जा चुकी है। अब पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के गढी बाजार मे कृषि की भूमि को बिना अकृषक कराए प्लाटिंग की जा रही है भू–माफिया करोड़ों की जमीन पर प्लाटिंग कर रहे है । मंझनपुर तहसील क्षेत्र के गढी बाजार मे करोड़ों की कृषि भूमि को खरीद कर बिना ले आउट व अकृषक भूमि प्रमाण पत्र के प्लाटिंग का खेल चल रहा है । लेखपाल गढी ने प्लाटिंग करने वालो से पूछा की कृषि योग्य भूमि पर बिना ले आउट व अकृषक प्रमाण पत्र के कैसे प्लाटिंग कर रहे है । पहले एसडीएम से मिलकर अकृषक कराइए काम रोक दिया गया । लेकिन सोमवार को लेखपाल उसी भूमि की नाप कर निर्माण शुरू करा दिया गया । लेखपाल को भूमिका संदिग्ध है। इसके पूर्व भी इस तरह का खेल पश्चिमशरीरा कस्बे मे इन्ही भू–माफियाओं द्वारा किया गया है ।यदि इन भू–माफियाओं की सम्पत्ति की जांच की जाय तो बडी आयकर की चोरी पकडी जा सकती है पूरे जिले में कृषि योग्य भूमि की बेखौफ तरीके से प्लाटिंग शुरू है भूमाफियाओं के कारनामों को अधिकारियों को गंभीरता से लेते हुए जांच करा कर कृषि योग्य भूमि की प्लाटिंग की रजिस्ट्री को निरस्त करते हुए भूमाफिया पर मुकदमा दर्ज करा कर कठोर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है।

# वृद्ध महिला को मोहरा बनाकर अपराध के बाद अपराध कर रहे दबंग!

## अपनी संपत्ति बचाने के लिए वर्षो से अधिकारियों का चक्कर काट रही है महिला, संदिग्ध दशा में कुंजीलाल की मौत के बाद गायब हुई लाखों की संपत्ति का नहीं खुला राज

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बिदनपुर काकोड़ा ग्राम पंचायत में एक वृद्ध महिला को मोहरा बनाकर दबंग अपराध के बाद अपराध कर रहे हैं लेकिन दबंगों के अपराध पुलिस की नजर में गुनाह नहीं साबित हो रहे हैं जिससे दबंगों के हौसले दिनों दिन बढ़ रहे हैं इन दिनों दबंग एक महिला की जमीन पर जबरिया कब्जा करने पर उतारू है और वृद्ध को मोहरा बनाकर अधिकारियों के सामने पेश कर दबंग अपने उद्देश्य में सफल होने की कोशिश में लगे हैं शातिर दबंगों के कारनामे आखिर कब तक सफल होते रहेंगे यह प्रशासनिक व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

गौरतलब है कि कोखराज थाना क्षेत्र के बिदन पुर ककोड़ा गांव निवासी सुंदर लाल पन्ना लाल कुंजीलाल तीन भाई थे पन्नालाल के जीवित रहते हुए उस को संपत्ति से बेदखल करते हुए सुंदरलाल और कुंजीलाल ने पन्नालाल के हिस्से की संपत्ति में अपना नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज करा लिया उसके बाद संदिग्ध परिस्थितियों में पन्नालाल की मौत हो गई उसकी पत्नी बच्चे नहीं थे कुंजीलाल धूमनगंज प्रयागराज में रहने लगा था लेकिन कुछ वर्षों पूर्व कुंजीलाल की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई बताया जाता है कि कुंजीलाल संपत्ति और नगद रुपए से धनी थे लाखों की संपत्ति बताई जाती है जिस समय कुंजीलाल की मौत हुई है उस समय उसकी अलमारी के ताले टूटे थे उसकी संपत्ति गायब थी बताया जाता है कि कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव का व्यक्ति कुंजीलाल की मौत के पूर्व उनके घर पर देखा गया था लेकिन बरसों बीत जाने के बाद भी कुंजीलाल की मौत से रहस्य उजागर नहीं हो सका है आखिर कुंजीलाल की मौत कैसे हुई है यह पुलिस के लिए बड़ी जांच का विषय है। तीसरे भाई सुंदरलाल की मौत के बाद निसंतान उसकी बृद्ध विधवा पत्नी सुंदरिया उर्फ देवरती देवी को शातिर दबंगों ने अपने मकड़जाल में फंसा लिया है अब सुंदरिया की संपत्ति पर भी दबंग कब्जा करने की योजना बना रहे है सुंदरिया को गांव के लोगों से झगड़ा उत्पन्न कराकर अपना उल्लू सीधा करने में दबंग लगे हुए हैं बताया जाता है कि गांव की केवली देवी पत्नी संगम लाल की आराजी के बाहर बांस के पेड़ लगे थे राजस्व अभिलेखों में यह जमीन आबादी में दर्ज है जिस पर केवली देवी क्या पहले से पूरी तरह से कब्जा था इस जमीन के पीछे उनकी निजी संपत्ति है और इसी जमीन से केवली देवी का आना जाना था और उनके पुत्रों ने डेढ़ वर्षो पूर्व बांस के पेड़ को काट कर के जमीन समतल कर ली है और इस जमीन पर उनका उठना बैठना बराबर लगा हुआ है इस जमीन पर केवली देवी के बेटों ने चाहरदीवारी का निर्माण वर्षों पूर्व कराया था किसी प्रकार का विवाद नहीं था लेकिन वृद्ध महिला सुंदरिया को मोहरा बनाकर केवली देवी के पूर्व के विरोधी सुमित्रा देवी और उसके पुत्र आकाश अमित दीपक विनोद मनोज पुत्रगण गुलाब ने जबरिया विवाद उत्पन्न कर दिया है जिस वृद्ध महिला की उम्र लगभग 80 साल हो रही है जिसे सोचने समझने और निर्णय लेने की क्षमता क्षीण हो चुकी है वह वृद्ध महिला इन दबंगों के साथ थाने पहुंचकर केवली देवी के निर्माण पर रोक लगाने की मांग कर रही है जिस वृद्ध महिला के देवर और पति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद संपत्तियों को गायब होने के मामले की जांच नहीं हो सकी वृद्ध महिला ने देवर पति की मौत और संपत्तियों के गायब होने के मामले में अधिकारियों की चौखट में फरियाद नहीं की वही महिला इन दिनों थोड़े कीमत की दूसरे की जमीन को लेकर के आए दिन थाने पहुंच रही है जिससे केवली देवी और उनके बेटे परेशान हो उठे हैं बताया जाता है कि गुलाबचंद के बेटे आकाश अमित दीपक विनोद मनोज आदि से केवली देवी के बेटों का पूर्व से विवाद चल रहा है मुकदमा अदालत में विचाराधीन है इसी मामले को लेकर गुलाब के बेटे केवली देवी के परिवार से रंजिश मानते हैं और गुलाब के बेटे केवली देवी के बेटों को परेशान करने के मकसद से बृद्ध सुंदरिया को मोहरा बना लिए हैं सुंदरियां की सोचने समझने और निर्णय लेने की क्षमता ना होने के बाद भी वह केवली देवी की जमीन पर अपना हक जता कर सड़क चौड़ीकरण में मुआवजा मांगने लगी है राजस्व लेखपाल ने भी चंद रुपयों की लालच में सुंदरिया का साथ देकर दुश्मनी में घी डालने का काम किया है केवली देवी की जमीन पर निर्माण ना होने से तनाव की स्थिति बरकरार है और इसका सीधा लाभ गुलाब की पत्नी सुमित्रा और उनके बेटे आकाश अमित दीपक विनोद मनोज आदि उठाना चाहते हैं इतना ही नहीं क्षेत्र के कुछ नेता और माफिया टाइप के लोग भी वृद्ध को इस लालच में बल देने में लगे हैं कि वृद्ध महिला को सरकार से यदि हेराफेरी के बाद मुआवजा मिल जाए तो वृद्ध महिला के मुआवजे की रकम शातिर दिमाग से हड़प की जा सकती है। इस संपूर्ण प्रकरण में पुलिस अधिकारियों ने पन्नालाल और कुंजीलाल की मौत और उनकी संपत्तियों को गायब होने के मामले की जांच कराई तो जांच परिणाम चौंकाने वाले होंगे ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि हेराफेरी करके सुंदरिया को मुआवजा मिल गया तो यह दबंग कुंजीलाल की तरह सुंदरिया की भी संपत्ति हड़प कर उसे रास्ते से हटाने में संकोच नहीं करेंगे वृद्ध अवस्था को देखकर नहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए निष्पक्ष और न्याय पूर्ण तरीके से प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई करते हुए दबंगो के कारनामे को बेनकाब करने की जरूरत है लेकिन क्या कुंजीलाल की मौत के मामले का पुलिस अधिकारी रहस्य उजागर कर पाएंगे या सब कुछ रहस्य बनकर रह जाएगा।

# कौशाम्बी जनपद को मिली रोडवेज राजधानी बस

## जिले के लोगो को लखनऊ जाना होगा सुलभ, बीजेपी जिलाध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, कुछ दिन पहले लखनऊ से मुख्यमंत्री कर चुके हरी झंडी दिखाकर रवाना झूठी शोहरत लेने के लिए जिला अध्यक्ष ने लिखाई झंडी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** झूठी शोहरत लेने का प्रचलन बढ़ता जा रहा है आम जनता को गुमराह किया जा रहा है अपने बड़े नेताओं के कार्यों के बाद भी उनके नाम की शोहरत करने में नेताओं को अब संकोच महसूस हो रहा है और वह बड़े नेताओं के बजाय खुद पूरे कार्यों की सोहरत5 लेना चाहती हैं इसी तरह का एक ताजा मामला कौशांबी जिले में देखने को मिला है लखनऊ से मुख्यमंत्री द्वारा पूरे प्रदेश में बस संचालन को हरी झंडी दिखाकर कुछ दिनों पूर्व रवाना किया गया था लखनऊ से मुख्यमंत्री द्वारा झंडी दिखाकर रवाना की गई बसें प्रदेश के हर जिले में शुरू हो गई हैं लेकिन अब जिले के नेता इस शोहरत को अपने नाम करना चाहते हैं और कौशांबी पहुंचने के बाद रोडवेज बस को वापस लखनऊ जाने के वक्त हरी झंडी दिखाकर भाजपा की जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने रवाना कर वाहवाही लूटने का प्रयास किया है लेकिन उनके कारनामे जिले में चर्चा का विषय बन गए हैं कि मुख्यमंत्री द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किए जाने के बाद उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना करने की क्या जरूरत पड़ गई है क्या वह मुख्यमंत्री से अपने को बड़ी समझने लगी है। जिले के लोगो को अब उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ जाने के लिए रास्ता सुलभ हो जाएगा,जनपद के लोगो को होली के दिन एक रोडवेज राजधानी बस समर्पित की गई है ।बीजेपी जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने रोडवेज राजधानी बस का फीता काटकर उद्घाटन किया और बस को लखनऊ के लिए रवाना कर दिया ।बीजेपी जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने बताया कि मंझनपुर से लखनऊ जाने के लिए राजधानी एक्सप्रेस रोडवेज बस को आज कौशाम्बी डिपो मंझनपुर से लखनऊ के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है ।यह बस सुबह 5.00 बजे प्रयागराज से चलकर मूरतगंज,भरवारी होते हुए सुबह 6.10 बजे मंझनपुर पहुंचेगी,मंझनपुर में रुककर बस सिराथू होते हुए 6.40 बजे सैनी पहुंचेगी और वहा से लेहदरी होकर लखनऊ के लिए निकल जायेगी और सुबह 10.00 बजे लखनऊ पहुंचेगी ।लखनऊ से यह रोडवेज राजधानी बस शाम को 05.00 बजे निकलेगी और सैनी होते हुए मंझनपुर आएगी और फिर प्रयागराज के लिए निकल जायेगी ।प्रयागराज से पुनः यह बस अपने निर्धारित समय सुबह 05.00 बजे मंझनपुर के लिए निकलेगी।



संपादकीय

# लोकतंत्र बचाने की सुप्रीम कोर्ट की बेचैनी

**सुप्रीम** कोर्ट देश में हो रहे चुनावों पर उठने वाले प्रश्नों से बेहद चिंतित है। उसकी चिंता महज एक आयोग की अध्यक्ष या उसके सदस्यों की नियुक्ति तक सीमित नहीं है। उसकी चिंता इससे कहीं ज्यादा व्यापक है। सुप्रीम कोर्ट देश में लोकतंत्र को बरकरार रखने के रास्ते में आने वाली हर बाधा को दूर करना चाहता है।

**पहले, दो खबरें पढ़िए-**

1. देश की सर्वोच्च अदालत ने एक बेहद अहम और देश के चुनावी भविष्य की दिशा तय करने वाले फैसले में कहा है कि अब केंद्रीय चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का अधिकार प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष (ऐसा न होने की स्थिति में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता)और सीजेआई की समिति को होगा।

2. देश के तीन उत्तर-पूर्वी राज्यों नगालैंड, मेघालय और त्रिपुरा में 2 मार्च को मतगणना के बाद नतीजे आ गए। यहां बात नगालैंड की करनी है, क्योंकि नगालैंड में भाजपा और सहयोगी दलों को बहुमत मिला है। वे दोबारा सरकार बनाने जा रहे हैं। इस राज्य में 27 फरवरी को मतदान हुआ था। इससे एक दिन पहले नगालैंड के कई गांवों में हुई बैठकों के बाद यह फैसला लिया गया कि वोटिंग में सभी लोग वोट डालने नहीं जाएंगे। परिवार से केवल एक ही शख्स बाकी सभी के वोट डाल देगा। और 27 फरवरी को वाकई ऐसा ही हुआ। अब हम बात करते हैं सर्वोच्च अदालत के फैसले और उसके संभावित असर पर। पहली बात तो यह कि यह बेहद अहम फैसला फरवरी 2025 के बाद ही लागू होगा, जब वर्तमान केंद्रीय चुनाव आयुक्त राजीव कुमार रिटायर होंगे। क्योंकि यह फैसला वर्तमान चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को प्रभावित नहीं करता है। यानी, जब तक यह फैसला लागू होगा तब तक बहुत से राज्यों के विधानसभा और 2024 का लोकसभा चुनाव हो चुका होगा। 2025 में दिल्ली, बिहार और झारखंड में चुनाव हैं। पर दिल्ली और झारखंड में फरवरी से पहले चुनाव होने हैं, यानी केवल बिहार ही ऐसा पहला राज्य होगा जहां नये केंद्रीय चुनाव आयुक्त के तहत चुनाव कराया जाएगा। अब सवाल यह उठता है कि सुप्रीम कोर्ट को आखिर चुनाव आयुक्त की नियुक्ति को लेकर इतना अहम $फैसला क्यों करना पड़ा? वे कौन सी परिस्थितियां या प्रश्न थे जिनके उत्तर ढूंढने के लिए हमें सुप्रीम कोर्ट के फैसले की कुछ अहम टिप्पणियों को पढ़ना और समझना होगा।

## सकल घरेलू उत्पाद में कमी दे रही है अर्थव्यवस्था में संकट

अंजन रॉय

**आरबीआई** को अपने मुद्रास्फीति नियंत्रण रुख की लागतों का वजन करना चाहिए। एक कठोर मौद्रिक नीति जिसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था की मंदी लोगों के लिए और अधिक कठिनाई पैदा कर सकती है और आर्थिक संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकती है तो क्यों न कम विकास प्रक्षेपवक्र शुरू करने की तुलना में थोड़ी अधिक मुद्रास्फीति को सहन किया जाये। विकास की धीमी गति और कम मूल्य वृद्धि के बीच यह एक कठिन विकल्प है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के ताजा आंकड़े बताते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था धीमी हो रही है। पिछली तिमाही के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि राष्ट्रीय आय में 4.4फीसदी की वृद्धि हुई है, जो पिछली दो तिमाहियों की तुलना में कम थी। इसे रिजर्व बैंक द्वारा लगभग एक साल के लिए ब्याज दरों में 2.50फीसदी तक की बढ़ोतरी के लिए तुरंत जिम्मेदार ठहराया गया था।

कुछ लोगों ने यह भी तर्क दिया है कि केंद्रीय बैंक को अब अनियंत्रित कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सख्त मौद्रिक नीति व्यवस्था के अपने रुख के प्रभाव का मूल्यांकन करना चाहिए। दरअसल, कीमतें बढ़ रही हैं, इसमें कोई शक नहीं है। किसी भी केंद्रीय बैंक की प्रमुख जिम्मेदारी एक सहज मूल्य स्थिति सुनिश्चित करना है। मुद्रास्फीति नियंत्रण केंद्रीय बैंक का एक प्राथमिक उद्देश्य है और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जो कुछ भी करना है, उसे इससे विचलित नहीं होना चाहिए। लेकिन तर्क चलता है कि आरबीआई को अपने मुद्रास्फीति नियंत्रण रुख की लागतों का वजन करना चाहिए। एक कठोर मौद्रिक नीति जिसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था की मंदी लोगों के लिए और अधिक कठिनाई पैदा कर सकती है और आर्थिक संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकती है तो क्यों न कम विकास प्रक्षेपवक्र शुरू करने की तुलना में थोड़ी अधिक मुद्रास्फीति को सहन किया जाये। विकास की धीमी गति और कम मूल्य वृद्धि के बीच यह एक कठिन विकल्प है। कम विकास का मतलब है कि अंततः यह कम नये रोजगार के अवसर पैदा करेगा और इस प्रकार आय में कमी करेगा। सबसे खराब स्थिति में, कम विकास, मंदी की ओर ले जाने का मतलब रोजगार का नुकसान भी हो सकता है। वह आखिरी सौदा हो सकता है। कहने की जरूरत नहीं है कि आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास इस दुविधा से अच्छी तरह वाकिफ हैं और उन्होंने अपने कई मौद्रिक नीति बयानों के दौरान बार-बार इसका जिक्र किया है। केंद्रीय बैंकरों के लिए विकल्प कोई नई बात नहीं है और हर बार कीमतों में वृद्धि होने पर इसे उठाया जाता है और अर्थव्यवस्था बहुत मजबूत नहीं होती है। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए, उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति तेजी से बढ़ रही है और पहले से ही 4फीसदी प्लस माइनस 2 फीसदी के सहिष्णुता बैंड से थोड़ा अधिक है। यह कार्रवाई की मांग करता है, विशेष रूप से जब दुनिया के अधिकांश हिस्सों में मुद्रास्फीति का स्तर बहुत अधिक है।

# अमृत-काल नारी जीवन का अमृत पृष्ठ बने

ललित गर्ग



**परिवार**, समाज, देश एवं दुनिया के विकास में जितना योगदान पुरुषों का है, उतना ही महिलाओं का। हालांकि महिलाओं को पुरुषों के समान उतने अधिक सम्मान, अवसर एवं स्वतंत्रता नहीं मिलती। लेकिन नया भारत-सशक्त भारत के निर्माण की प्रक्रिया में महिलाएं घर परिवार की चार दीवारों को पार करके राष्ट्र निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दे रही हैं। खेल जगत से लेकर मनोरंजन जगत तक और राजनीति से लेकर सैन्य व रक्षा तक में महिलाएं बड़ी भूमिका में हैं। महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। बात भारतीय या अभारतीय नारी की नहीं, बल्कि उसके प्रति दृष्टिकोण की है। आवश्यकता इस दृष्टिकोण को बदलने की है, जरूरत सम्पूर्ण विश्व में नारी के प्रति उपेक्षा एवं प्रताड़ना को समाप्त करने की है। इस दिवस की सार्थकता तभी है जब महिलाओं कां विकास में सहभागी ही न बनाये बल्कि उनके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने की वीभत्सताओं एवं त्रासदियों पर विराम लगे, ऐसा वातावरण बनाये। महिला दिवस पर महिलाओं से जुड़े मामलों जैसे महिलाओं की स्थिति, कन्या भ्रूण हत्या की बढ़ती घटनाएं, लड़कियों की तुलना में लड़कों की बढ़ती संख्या, गांवों में महिला की अशिक्षा एवं शोषण, महिलाओं की सुरक्षा, महिलाओं के साथ होने वाली बलात्कार की घटनाएं, अश्लील हरकतें और विशेष रूप से उनके खिलाफ होने वाले अपराध को एक बार फिर चर्चा में लाकर सार्थक वातावरण का निर्माण किया जाये। महिला दिवस जैसे आयोजनों, तमाम सरकारी प्रयत्नों एवं सामाजिक जन-चेतना के एक टीस से मन में उठती है कि आखिर नारी कब तक भोग की वस्तु बनी रहेगी? उसका जीवन कब तक खतरों से घिरा रहेगा? बलात्कार, छेड़खानी, भ्रूण हत्या और दहेज की धधकती आग में वह कब तक भस्म होती रहेगी? कब तक उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को नौचा जाता रहेगा? विडम्बनापूर्ण तो यह है कि महिला दिवस जैसे आयोजन भी नारी को उचित सम्मान एवं गौरव दिलाने की बजाय उनका दुरुपयोग करने के माध्यम बनते जा रहे हैं। नारी जीवन में प्रतिबिम्बित असीम करुणा और मर्मान्तक पीड़ा को भावप्रवण अभिव्यक्ति देना मेरा काम नहीं है। पर आज भी कुछ समाजों में उसकी जो स्थिति है, वह दयनीय और विचारणीय है। सब महिलाएं स्वयं इस स्थिति का अनुभव करती हैं या नहीं, मैं नहीं जानता। किन्तु कोई भी प्रबुद्ध महिला अपनी जाति की दासता और हीनतामूलक वृत्तियों से खुश नहीं हो सकती। शताब्दियों से चली आ रही अर्थहीन परम्पराओं और आत्महीनता के मनोभावों को निरस्त करने के लिए प्रतिरोधात्मक चेतना का विकास करना नितांत अपेक्षित है। जब तक स्त्री की अन्याय के प्रति विद्रोही चेतना का जागरण नहीं होता, वह अपने अस्तित्व को सही रूप में नहीं समझ सकती। शरीर में जब तक रोग के कीटाणुओं को प्रतिहत करने की क्षमता रहती है, वह रोगाक्रांत नहीं होता। किन्तु प्रतिरोधात्मक शक्ति के क्षीण होते ही चारों ओर से बीमारियों का आक्रमण होता है जो शरीर को निस्तेज ही नहीं, खोखला बना देता है। इसलिए महिला समाज को अपनी प्रतिरोधात्मक शक्ति को विकसित कर जागृत जीवन जीने का अभ्यास करना है। उसे अपनी परम्परागत महत्व एवं शक्ति को समझना होगा, वैदिक परंपरा दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी के रूप में, बौद्ध अनुयायी चिरंतन शक्ति प्रज्ञा के रूप में और जैन धर्म में श्रुतदेवी और शासनदेवी के रूप में नारी की आराधना होती रही है। लोक मान्यता के अनुसार मातृ वंदना से व्यक्ति को आयु, यश, स्वर्ग, कीर्ति, पुण्य, बल, लक्ष्मी पशुधन, सुख, धनधान्य आदि प्राप्त होता है, फिर क्यों नारी की अवमानना होती है? नारी का दुनिया में सर्वाधिक गौरवपूर्ण सम्मानजनक स्थान है। नारी धरती की धुरा है। स्नेह का स्रोत है। मांगल्य का महामंदिर है। परिवार की पीढ़िका है। पवित्रता का पैगाम है। उसके स्नेहिल साए में जिस सुरक्षा, शीतलता और शांति की अनुभूति होती है वह हिमालय की हिमशिलाओं पर भी नहीं होती। नारी जाति के अलंकरण हैं- सादगी और सात्विकता। सोने, चांदी, हीरे, मोती आदि से निर्मित आभूषण उसके सहज सौंदर्य को आवरित ही कर सकते हैं, निखार नहीं दे सकते। सत्यं, शिवं सुंदरं की समन्विति कृत्रिम संसाधनों से नहीं, अनंत स्तेज को निखारने से हो सकती है। सुप्रसिद्ध कवयित्रि महादेवी वर्मा ने ठीक कहा था- ॒नारी सत्यं, शिवं और सुंदर का प्रतीक है। उसमें नारी का रूप ही सत्य, वात्सल्य ही शिव और ममता ही सुंदर है। इन विलक्षणताओं और आदर्श गुणों को धारण करने वाली नारी फिर क्यों बार-बार छली जाती है, लूटी जाती है? स्वतंत्र भारत में यह कैसा समाज बन रहा है, जिसमें महिलाओं की आजादी छीनने की कोशिशें और उससे जुड़ी हिंसक एवं त्रासदीपूर्ण घटनाओं ने बार-बार हम सबको शर्मसार किया है। विश्व नारी दिवस का अवसर नारी के साथ नाइंसाफी की स्थितियों पर आत्म-मंथन करने का है, उस अहं के शोधन करने का है जिसमें पुरुष-समाज श्रेष्ठताओं को गुमनामी में धकेलकर अपना अस्तित्व स्थापित करना चाहता है।

> महिलाओं के युग बनते बिगड़ते रहे हैं। कभी उनको विकास की खुली दिशाओं में पूरे वेग के साथ बढ़ने के अवसर मिले हैं तो कभी उनके एक-एक कदम को संदेह के नागों ने रोका है। कभी उन्हें पूरी सामाजिक प्रतिष्ठा मिली है तो कभी वे समाज के हाशिये पर खड़ी होकर स्त्री होने की विवशता को भोगती रही है। कभी वे परिवार के केंद्र में रहकर समग्र परिवार का संचालन करती हैं तो कभी अपने ही परिवार में उपेक्षित और प्रताड़ित होकर निष्क्रिय बन जाती है

महिलाओं के युग बनते बिगड़ते रहे हैं। कभी उनको विकास की खुली दिशाओं में पूरे वेग के साथ बढ़ने के अवसर मिले हैं तो कभी उनके एक-एक कदम को संदेह के नागों ने रोका है। कभी उन्हें पूरी सामाजिक प्रतिष्ठा मिली है तो कभी वे समाज के हाशिये पर खड़ी होकर स्त्री होने की विवशता को भोगती रही है। कभी वे परिवार के केंद्र में रहकर समग्र परिवार का संचालन करती हैं तो कभी अपने ही परिवार में उपेक्षित और प्रताड़ित होकर निष्क्रिय बन जाती है। इन विसंगतियों में संगति बिठाने के लिए महिलाओं को एक निश्चित लक्ष्य की दिशा में प्रस्थान करना होगा। बदलते परिवेश में आधुनिक महिलाएं मैथिलीशरण गुप्त के इस वाक्य- ॒आँचल में है दूध॑ को सदा याद रखें। उसकी लाज को बचाएँ रखें और भ्रूणहत्या जैसा घिनौना कृत्य कर मातृत्व पर कलंक न लगाएँ। बल्कि एक ऐसा सेतु बने जो टूटते हुए को जोड़ सके, रुकते हुए को मोड़ सके और गिरते हुए को उठा सके। नन्हे उगते अंकुरों और पौधों में आदर्श जीवनशैली का अभिसिंचन दें ताकि वे शतशाखी वृक्ष बनकर अपनी उपयोगिता साबित कर सकें।

॒यत्र पूज्यंते नार्यस्तु तत्र रमन्ते देवता॑- जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। किंतु आज हम देखते हैं कि नारी का हर जगह अपमान होता चला जा रहा है। उसे ॒भोग की वस्तु॑ समझकर आदमी ॒अपने तरीके॑ से ॒इस्तेमाल॑ कर रहा है, यह बेहद चिंताजनक बात है। एक कहावत है कि औरत जन्मती नहीं, बना दी जाती है और कई कट्टर मान्यता वाले औरत को मर्द की खेती समझते हैं। कानून का संरक्षण नहीं मिलने से औरत संघर्ष के अंतिम छोर पर लड़ाई हारती रही है। इसीलिये आज की औरत को हाशिया नहीं, पूरा पृष्ठ चाहिए। पूरे पृष्ठ, जितने पुरुषों को प्राप्त हैं। प्राचीन काल में भारतीय नारी को विशिष्ट सम्मान दिया जाता था। सीता, सती-सावित्री आदि अगणित भारतीय नारियों ने अपना विशिष्ट स्थान सिद्ध किया है। इसके अलावा अंग्रेजी शासनकाल में भी रानी लक्ष्मीबाई, चाँद बीबी आदि नारियाँ जिन्होंने अपनी सभी परंपराओं आदि से ऊपर उठ कर इतिहास के पन्नों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। लेकिन समय परिवर्तन के साथ साथ देखा गया की देश पर अनेक आक्रमणों के पश्चात भारतीय नारी की दशा में भी परिवर्तन आने लगे। अंग्रेजी और मुस्लिम शासनकाल के आते-आते भारतीय नारी की दशा अत्यंत चिंतनीय हो गई। दिन-प्रतिदिन उसे उपेक्षा एवं तिरस्कार का सामना करना पड़ता था। इसके साथ साथ भारतीय समाज में आई सामाजिक कुरीतियाँ जैसे सती प्रथा, बाल विवाह, पर्दा प्रथा, बहू पति विवाह और हमारी परंपरागत रूढ़िवादिता ने भी भारतीय नारी को दीन-हीन कमजोर बनाने में अहम भूमिका अदा की। लेकिन अब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना चुके हैं, अमृत काल में नारी का जीवन भी अमृतमय बने, यही अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने को वास्तविक अर्थ दे सकता है।

# महिलाओं के प्रति बदलना होगा नजरिया

रमेश सर्राफ धमोरा

भारत में नारी को देवी के रूप में देखा गया है। कहा जाता है कि जहां नारी की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। प्राचीन काल से ही यहां महिलाओं को समाज में विशिष्ट आदर एवं सम्मान दिया जाता है। भारत वह देश है जहां महिलाओं की सुरक्षा और इज्जत का खास ख्याल रखा जाता है। अगर हम इक्कीसवीं सदी की बात करे तो यहां की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला काम कर रही है।

हमारे देश में महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार है। महिलायें देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है तथा विकास में भी बराबर की भागीदार है। आज के युग में महिला पुरुषों के साथ ही नहीं बल्कि उनसे दो कदम आगे निकल चुकी है। महिलाओं के बिना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। भारतीय संविधान के अनुसार महिलाओं को भी पुरुषों के समान जीवन जीने का हक है।देश में 2021 में 2020 के मुकाबले महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 15.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के 4,28,278 मामले दर्ज हुए हैं। जबकि 2020 में 3,71,503 मामले दर्ज हुए थे। एनसीआरबी की रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि प्रति एक लाख की आबादी पर महिलाओं के खिलाफ अपराध 2020 में 56.5 फीसदी से बढ़कर 2021 में 64.5 फीसदी हो गए हैं। इनमें अधिकतर मामले 31.8 फीसदी पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता के हैं। इसके बाद 20.8 फीसदी मामले महिलाओं की गरिमा को भंग करने इरादे से उनपर हमला करने के हैं। 17.6 फीसदी उनके अपहरण के और 7.4 फीसदी बलात्कार के हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के सबसे ज्यादा मामले असम में सामने आए है। यानी 168.3 फीसदी। जबकि बीते तीन साल में इसमें गिरावट दिखी है। राज्य में बीते साल इस तरह के 29,000 मामले दर्ज हुए हैं। इसके अलावा टॉप पर रहने वाले राज्यों में ओडिशा, हरियाणा, तेलंगाना और राजस्थान शामिल हैं। राजस्थान में भी असम की ही तरह मामलों में मामूली कमी देखी गई है। जबकि बाकी के तीन राज्यों ओडिशा, हरियाणा और तेलंगाना में मामले बढ़े हैं। रिपोर्ट में वास्तविक दर्ज मामलों में उत्तर प्रदेश 56,083 पहले स्थान पर है। हालांकि उसकी दर 50.5 फीसदी से कम है। राजस्थान 2021 में बलात्कार की उच्चतम दर 16.4 फीसदी रही है और यह वास्तविक दर्ज 6,337 मामलों के साथ लिस्ट में टॉप पर है। हालांकि नागालैंड बीते तीन साल से महिलाओं के खिलाफ सबसे कम अपराध वाले राज्यों में बना हुआ है। यहां 2019 में 43, 2020 में 39 और 2021 में 54 मामले दर्ज हुए हैं। यहां 2021 में भी महिलाओं के खिलाफ सबसे कम अपराध दर 5.5 फीसदी दर्ज की गई है। एनसीआरबी की नई रिपोर्ट के मुताबिक देशभर में महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पिछले साल हर दिन दो नाबालिग लड़कियों से बलात्कार हुआ है। आंकड़ों से पता चलता है कि दिल्ली में 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 13,892 मामले दर्ज किए गए। जिसमें 2020 की तुलना में 40 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है। साल 2020 में यह आंकड़ा 9,782 था। दिल्ली के बाद मुंबई में 5,543 मामले और बेंगलुरु में 3,127 मामले आए थे। थॉमसन रॉयटर्स फाउंडेशन की ओर से जारी किए गए एक सर्वे में भारत को पूरी दुनिया में महिलाओं के लिए सबसे खतरनाक और असुरक्षित देश माना गया है। महिलाओं के प्रति यौन हिंसा, मानव तस्करी और यौन व्यापार में ढकेले जाने के आधार पर भारत को महिलाओं के लिए खतरनाक बताया गया है। इस सर्वे के अनुसार महिलाओं के मुद्दे पर युद्धग्रस्त अफगानिस्तान और सीरिया क्रमशः दूसरे और तीसरे, सोमालिया चैथे और सउदी अरब पांचवें स्थान पर हैं। इस सर्वे में 193 देशों को शामिल किया गया था। इससे यह साबित होता है कि 2012 में दिल्ली में एक चलती बस में हुए सामूहिक बलात्कार के बाद अभी तक महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पर्याप्त काम नहीं किए गए हैं। 2012 में हुए निर्भया कांड के बाद महिलाओं की सुरक्षा और उनके खिलाफ होने वाली हिंसा देश के लोगों के लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया था। अब प्रश्न यह है कि क्या भारत सच में महिलाओं के लिए सुरक्षित स्थान नहीं है। पाश्चात्य देशों का भारत के प्रति रुख कभी सकारात्मक नहीं रहा है। आज भारत जब जहां एक ओर विकास की लम्बी छलाग लगा रहा है वहीं दूसरी ओर कुछ विदेशी संस्थान दूर बैठ कर भारत के ऊपर नकारात्मक रिपोर्ट बना रहे हैं। कुछ घटनायें वाकई में शर्मनाक हैं लेकिन कुछ घटनाओं के लिए पूरे देश को जिम्मेदार तो नहीं ठहराया जा सकता है। इस रिपोर्ट में आपराधिक घटनाओं में वृद्धि इसलिए दिखाई दे रही है। क्योंकि रिपोर्ट बनाने से पहले उनके द्वारा इस प्रकार का माहौल बनाया जाता है। जहां तक बात आती है महिलाओं की सुरक्षा की तो पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व निर्णयों से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई प्रबंध किये हैं।

ऐसे में भारत के प्रति ऐसी नकारात्मक रिपोर्ट भारत में खबर बनाने की विदेशी संस्थाओं की सोची समझी साजिश के अलावा कुछ और प्रतीत नहीं होता। भारत में महिलायें पहले की अपेक्षा ज्यादा सुरक्षित है। आज जहां महिलाये नयी ऊंचाइयों को छू रहीं हैं वहीं दूसरी ओर सुरक्षा के शीर्ष पदों में भी देश का गौरव बढा रहीं हैं। भारत में महिला सुरक्षा से जुड़े कानून की सूचि बहुत लंबी है। इसमें हिंदू विडो रीमैरिज एक्ट 1856, इंडियन पीनल कोड 1860, मैटरनिटी बेनिफिट एक्ट 1861, क्रिस्चियन मैरिज एक्ट 1872, मैरिड वीमेन प्रॉपर्टी एक्ट 1874,चाइल्ड मैरिज एक्ट 1929, स्पेशल मैरिज एक्ट 1954, हिन्दू मैरिज एक्ट 1955, फॉरेन मैरिज एक्ट 1969, इंडियन डाइवोर्स एक्ट 1969, मुस्लिम वुमन प्रोटेक्शन एक्ट 1986, नेशनल कमीशन फॉर वुमन एक्ट 1990, सेक्सुअल हर्रास्मेंट ऑफ वुमन एट वर्किंग प्लेस एक्ट 2013 आदि। इसके अलावा 7 मई 2015 को लोक सभा ने और 22 दिसम्बर 2015 को राज्य सभा ने जुवेनाइल जस्टिस बिल में भी बदलाव किया है। इसके अन्तर्गत यदि कोई 16 से 18 साल का किशोर जघन्य अपराध में लिप्त पाया जाता है तो उसे भी कठोर सजा का प्रावधान है। देश में महिलाओं के प्रति खराब होते माहौल को बदलने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं अपितु हर आम आदमी की भी है। हम सभी को आगे आकर महिला सुरक्षा की लड़ाई में महिलाओं का साथ देना होगा तभी देश की मातृ शक्ति सर उठा कर शान से चल सकेगीं। फिर कोई विदेशी संस्था भारत के खिलाफ इस तरह की नकारात्मक रिपोर्ट जारी करने से पहले सौ बार सोचेगी। अब महिलाओं को समझना होगा कि आज समाज में उनकी दयनीय स्थिति समाज में चली आ रही परम्पराओं का परिणाम है। इन परम्पराओं को बदलने का बीड़ा स्वयं महिलाओं को ही उठाना होगा।

# लोकतंत्र के लिए सर्वोच्च न्यायालय का आदेश महत्वपूर्ण

के रवींद्रन

**जहां** एक ओर जनमत के कुछ वर्गों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बारे में इस आधार पर आपत्ति व्यक्त की है कि अदालत विधायिका के दायरे में कदम रख रही है, वहीं दूसरी ओर सामान्यतः इस फैसले को देश में लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए एक महान विकास के रूप में सराहा गया है। विपक्षी दलों ने इसका एक ऐतिहासिक निर्णय के रूप में स्वागत किया जो देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

पिछला सप्ताह भारत में लोकतंत्र, राजनीतिक एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता, तथा कॉरपोरेट गवर्नेंस के लिए महत्वपूर्ण था। सर्वोच्च न्यायालय के लिए वह एक ऐसा सप्ताह रहा जिसमें लोकतंत्र को अधिक सार्थक बनाने वाले कई ऐतिहासिक निर्णयों अपेक्षाकृत कम अवधि में लिए गए। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया को बदलने का निर्णय था, एक विशेषाधिकार जो अब तक सत्तारूढ़ दल के पास था और इस तरह बाएं, दाएं और केंद्र का दुरुपयोग किया गया था। एक संवैधानिक पीठ ने आदेश दिया कि अब से चुनाव आयुक्तों की नियुक्तिभारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश की एक समिति की सलाह पर की जायेगी। यदि विपक्ष की स्थिति का कोई आधिकारिक नेता नहीं है, तो इसे संसद में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता द्वारा भरा जाना है। हाल के घटनाक्रमों ने दिखाया है कि चुनाव आयोग ने अपनी स्वतंत्रता और अखंडता के बावजूद, सत्ताधारी दल के इशारों पर कैसे नृत्य किया है, चाहे वह चुनाव कराने की तारीख हो, या पार्टियों की मान्यता और प्रतीकों का आबंटन। हमारे पास पीएमओ द्वारा बुलाई गई बैठकों में चुनाव आयुक्तों के शामिल होने के उदाहरण भी हैं।यह ऐसा था जैसे कोई नई सामान्य स्थिति उभर आई हो। जस्टिस केएम जोसेफ, अजय रस्तोगी, अनिरुद्ध बोस, हृषिकेश रॉय और सीटी रविकुमार की खंडपीठ ने फैसला किया कि सिस्टम में सुधार का समय आ गया है ताकि चुनाव आयोग सही मायने में स्वतंत्र रूप से काम करे। पीठ ने आदेश दिया कि जब तक संसद चुनाव आयोग की पारदर्शिता और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए एक नया कानून नहीं लाती, नये आयुक्तों की नियुक्ति एक कॉलेजियम द्वारा की जायेगी। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि समय-समय पर सत्ता में आने वाले राजनीतिक दलों को ध्यान में रखते हुए, 'लोकतंत्र लोगों के लिए शक्ति के साथ परोक्ष रूप से जुड़ा हुआ है ... लोकतंत्र एक आम आदमी के हाथों में शांतिपूर्ण क्रांति की सुविधा देता है।' समय ने व्यवस्था की कमी पर कभी विचार नहीं किया। इसने सत्तारूढ़ दल को अपने चुने हुए पुरुषों या महिलाओं (हमारे पास नब्बे के दशक की शुरूआत में एक महिला मुख्य चुनाव आयुक्त रही हैं) को चुनाव निकाय में नियुक्त करने की अनुमति दी, जिस पर देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी है, लेकिन अक्सर ऐसे कार्य में कमी रह जाती है। संविधान पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग को कार्यपालिका द्वारा सभी प्रकार की अधीनता से 'अलग' रहना होगा। इसमें कहा गया है कि ऐसा न होने पर चुनाव आयोग कपटपूर्ण स्थिति पैदा करेगा और जो इसके कुशल कामकाज से अलग होगा। यह दिल को छू लेने वाली बात है कि जिस तरह से सरकार चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के मामले में काम कर रही है, उससे सुप्रीम कोर्ट असहजता दिखा रहा है। इसने प्रकाश की गति से सरकार द्वारा की गई नियुक्ति पर चिंता व्यक्त की, जिसके तहत मोदी सरकार ने नौकरशाह अरुण गोयल को नवंबर 2022 में चुनाव आयुक्त के रूप में नियुक्त किया था, जो सेवानिवृत्ति के कगार पर थे। उनकी नियुक्ति एक दिन में पूरी हो गई थी, हालांकि पद मई 2022 से खाली था। सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के महान्यायवादी से संबंधित फाइलें भी मांगी थीं। जहां एक ओर जनमत के कुछ वर्गों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बारे में इस आधार पर आपत्ति व्यक्त की है कि अदालत विधायिका के दायरे में कदम रख रही है, वहीं दूसरी ओर सामान्यतः इस फैसले को देश में लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए एक महान विकास के रूप में सराहा गया है। विपक्षी दलों ने इसका एक ऐतिहासिक निर्णय के रूप में स्वागत किया जो देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## विपक्ष आपस में उलझा

शकील अख्तर

**संघ** और भाजपा जो मुसलमानों से मिलने और अपना दृष्टिकोण प्रचारित करने का जो काम करती है उसका वास्तविक उद्देश्य भारत के मुसलमानों को कोई खास मैसेज देना नहीं होता वह अन्तरराष्ट्रीय जगत में धर्मनिरपेक्ष समावेशी छवि बनाने के लिए होता है। भारत की दुनिया में एक आधुनिक देश की छवि है। उसके खिलाफ कोई भी खबर जब विदेशों में जाती है तो सरकार के लिए बहुत प्रतिकूल माहौल बन जाता है। विपक्ष में झगड़े ही झगड़े हैं संघ परिवार में पूर्ण एकता। 2024 सिर पर खड़ा है मगर विपक्ष के दल अकेले लड़ेंगे, कांग्रेस के साथ नहीं जाएंगे, तीसरा मोर्चा बनेगा में व्यस्त हैं। उधर बीजेपी तो जो कर रही है कर ही रही है उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी पूरी तरह काम पर लगी हुई है। बहुत सारे मोर्चों पर काम करने के अलावा वह मुसलमानों के बीच खूब सक्रिय है। एक तरफ प्रधानमंत्री पसमांदा ( पिछड़े) मुसलमानों को साथ जोड़ने की बात कर रहे हैं और भाजपा इसके लिए जगह-जगह सम्मेलन कर रही है। वहीं संघ मुस्लिम धर्म गुरुओं, बुद्धिजीवियों के अलग- अलग समूहों से लगातार बात कर रहा है। ऐसी कई बातचीतें हो गई हैं। संघ का मुस्लिम मंच इन्हें औपचारिक और अनौपचारिक दोनों तरीके से आयोजित करता रहता है। इसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत से मिलाने से लेकर अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकातें करवाई जाती हैं। अब जब चुनाव सामने आ गए हैं तो यह सिलसिला तेज हो गया है।

## फटाफट खबरें

### गल्ला मंडी में प्रकाश व्यवस्था न होने पर होगा प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गल्ला व्यापार समिति के महामंत्री गुलाबचन्द्र गुप्ता, तीरथ प्रसाद मिश्र, पुष्पराज सिंह, सूर्यप्रकाश, सीताराम केशरवानी, राकेश कुमार, सीताराम पटेल, राजकुमार अग्रहरि, सीताराम सिंह, शिवप्रसाद सिंह, अजय व अश्फाक हुसैन ने मंडी समिति के सभापति/उपजिलाधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि गल्ला व्यापार समिति की मंडी परिसर में सोमवार की रात आठ दुकानों के शटर तोडकर चोरी का प्रयास किया गया है।

मंगलवार को गल्ला व्यापार समिति के महामंत्री गुलाबचन्द्र गुप्ता आदि ने मंडी समिति के सभापति/उपजिलाधिकारी को सौंपे पत्र में कहा कि सोमवार को मंडी की आठ दुकानों का शटर तोडकर चोरी का सफल एवं असफल प्रयास किया गया है। सचिव मंडी समिति के बाहर होने से गल्ला समिति के लोगों की भेंट नहीं हो सकी। पूरे मंडी परिसर में प्रकाश की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। बताया कि मंडी समिति में प्रकाश व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है। दस मार्च तक प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त न होने पर सभी व्यापारी अपना कारोबार बन्दकर विरोध प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

### उद्यान विभाग की योजनाओं का किसान लें लाभ: डीएचओ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने जिले के सभी किसानों से अनुरोध किया है कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत दो दिवसीय गोष्ठी/ किसान मेला जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में 10 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे मंदाकिनी भवन कालूपुर में होगा।

मंगलवार को उन्होंने बताया कि मेला में सब्जी की खेती करने वाले किसानों को निःशुल्क शंकर साग, भाजी व प्लास्टिक क्रेट्स बांटी जायेगी। जनप्रतिनिधियों के माध्यम से इस कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक औधानिक फसलों में हो रहे नए-नए प्रयोगों की जानकारी देंगे।

उन्होंने बताया कि किसान इस मेला में आकर अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं। किसानों से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक किसान इस गोष्ठी में शामिल होकर उद्यान विभाग की योजनाओं का लाभ लें।

### होली पर्व पर कंट्रोल रुम स्थापित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि होली पर्व एवं शब-ए-बारात पर जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट में स्थापित स्थाई कंट्रोल रूम में विभिन्न विभागों (पुलिस विभाग, नगर पालिका, पंचायती राज विभाग, विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग एवं जल संस्थान विभाग) के कर्मचारियों की डयूटी कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम मे लगाई गई है। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति एवं असुविधा के लिए कंट्रोल रूम में स्थापित निम्न नंबरों 05198298090, 8765473609, 8765473613 पर सम्पर्क करें। आम जनमानस की सुविधा को यह कंट्रोल रूम 24 घंटे चलेगा।


### युवक को अवैध तमंचा कारतूस के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार




**बुलंदशहर। थाना छ**तारी पुलिस ने एक अभियुक्त को एक नाजायज तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर श्लोक कुमार के दिशा निर्देशन में अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु एक धरपकड़ अभियान थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। थाना प्रभारी मय पुलिस बल के नगरिया बंबा पर एक चेकिंग में मामूर थे सामने से आता हुआ एक व्यक्ति दिखाई दिया। उस व्यक्ति को पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो वह व्यक्ति भागने लगा पुलिस ने घेराबंदी कर उस व्यक्ति को पकड़ लिया जब पुलिस ने उस व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके पास से एक 315 बोर तमंचा वह एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ

अभियुक्त ने अपना नाम सिब्बल पुत्र विनोद कुमार निवासी रोहटा रोड गांव फाजिलपुर थाना कंकरखेड़ा जनपद मेरठ बताया छतारी पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर अभियुक्त को जेल भेज दिया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार वरिष्ठ उपनिरीक्षक दलबीर सिंह व कांस्टेबल निकुंज कुमार मौजूद रहे।

### एसीपी के नेतृत्व में लोहता पुलिस ने किया रूट मार्च



**वाराणसी। लोह**ता में होली व शबे बारात त्योहार को देखते हुए एसीपी के नेतृत्व में लोहता पुलिस ने क्षेत्र में रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखने का संदेश दिया।लोहता पुलिस ने होली पर्व पर शांति और सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने के लिए रूट मार्च निकाल कर आम जनमानस में शांति से त्योहार मनाने का संदेश दिया। एसीपी के नेतृत्व में लोहता के कोटवां चौकी पुलिस के जवानों ने कोटवां, टड़िया, मुश्लिमपुरा होते हुए कोटवां बाजार व हरपालपुर लोहता, अकेलवा, मंगलपुर तक रूट मार्च किया।एसीपी विधूस सक्सेना ने रूट मार्च के दौरान आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि ये त्योहार आपसी मिलन और भाईचारे का प्रतीक है। इसलिए सभी लोग बगैर किसी वैमनस्यता के साथ रंग पर्व मनाएं। साथ ही ऐसे रंगों का भी न प्रयोग करें जो किसी तरह शरीर को नुकसान पहुंचा सके। इस मौके पर लोहता थानाध्यक्ष राजकुमार पांडेय उपनिरीक्षक स्वतंत्र सिंह, अश्वनी मिश्रा, संदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसपी के निर्देश पर युवक के अपहरण का खुलासा

## पेड लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर पुलिस ने युवक के अपहरण का खुलासा कर एक को दबोचकर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चारपहिया वाहन बरामद किया। इसी क्रम में पुलिस ने पपीता के पेड लगाने का झांसा देकर किसानों से ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। ठगी के एक लाख 77 हजार पांच सौ रुपये व एक मोटरबाइक बरामद की है। मंगलवार को कोतवाली कर्वी में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने पत्रकारों को बताया कि कर्वी कोतवाल दीपेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में चैकी प्रभारी रगौली की टीम ने युवक के अपहरण का खुलासा करते हुए आकाश गुप्ता पुत्र गोपाल गुप्ता निवासी कल्याण सागर सुभाषनगर कोतवाली महोबा को गिरफ्तार किया है।

इसके कब्जे से पुलिस ने ब्रेजा कार यूपी 95क्यू-4222 बरामद किया है। उन्होंने बताया कि 14 फरवरी को शम्भूशरण गुप्ता पुत्र कल्लू गुप्ता निवासी शारदानगर कोतवाली कर्वी अपने पुत्र नमोनारायण के अपहरण की बाबत कोतवाली कर्वी में मुकदमा लिखाया था। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिये थे। आज मंगलवार को दरोगा श्यामदेव सिंह ने आकाश गुप्ता पुत्र गोपाल गुप्ता महोबा को दबोचकर उसके कब्जे से ब्रेजा गाडी बरामद की है। ये ब्रेजा उसने सियाराम चक्रवर्ती पुत्र बिहारीलाल प्रजापति निवासी गांधीनगर महोबा से किराये पर लाया था। उसने 14 फरवरी की रात दस बजे नमोनारायण गुप्ता कर्वी को अजय द्विवेदी उर्फ छोटू महाराज पुत्र बालेन्द्र द्विवेदी निवासी रतौली पसवारा थाना महोबा ने फोनकर नवीन मंडी गेट के पास बुलाया था। अजय द्विवेदी, आकाश गुप्ता, अमर सिंह पुत्र वीरपाल सिंह ने मिलकर शराब पिया और नमोनारायण को साथ लेकर कबरई महोबा के जंगल में ले जाकर हाथ-पैर बांधकर पर्स, रुपया, एटीएम कार्ड, डीएल, पेनकार्ड सब लेकर भाग गये थे। पुलिस ने अपहृत नमोनारायण को 15 फरवरी को बरामद कर लिया था। आज आकाश गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। टीम में दरोगा श्यामदेव सिंह, चैकी प्रभारी रगौली जिला कारागार, दीवान सुभाषराम व सिपाही बहोरन यादव शामिल रहे। इसी क्रम में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने कोतवाली कर्वी में बताया कि पुरवा तरौंहा के रामनरेश त्रिवेदी पुत्र शिवप्रसाद ने सूचना दी थी कि अनिल पाठक पुत्र रामनारायण, प्रवीण पाठक पुत्र कन्हैयालाल, विपिन पाठक पुत्र कन्हैयालाल मंसापुर शिवगढ रायबरेली, अमित पाण्डेय, पवन तिवारी, संतोष कुमार ने खेत में पपीते के पेड लगाने का झांसा देकर तकरीबन छह लाख रुपये ठग लिए हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर मंगलवार को शिवरामपुर तिराहा से अनिल पाठक को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक लाख 77 हजार पांच सौ रुपये व एक मोटरबाइक अपाचे बरामद किया। पूंछताछ में आरोपी ने बताया कि वे लोग किसानों से पपीते के पेड लगाने और ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर ठगी करते हैं। मोटरबाइक में फर्जी नम्बर प्लेट लगाते हैं, ताकि कोई पकड न सके। 21 फरवरी को पुरवा तरौंहा के रामनरेश त्रिवेदी से 82500 रुपये ठगे थे। इस ठगी में प्रवीण पाठक, विपिन पाठक, अनुज पाण्डेय, पवन तिवारी, संतोष कुमार सभी लोग शामिल थे। पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध प्रभुनाथ यादव, दरोगा पवन कुमार प्रधान, दरोगा रामआसरे प्रसाद, सिपाही गोलू भार्गव, अमित द्विवेदी, रोशन सिंह, बीरपाल शामिल रहे।

## एसपी के निर्देश पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों की हुई जांच



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सीओ यातायात राजकमल की देखरेख में यातायात निरीक्षक मनोज कुमार व टीएसआई योगेश कुमार यादव ने कर्वी-बांदा रोड पर शिवरामपुर के आगे वाहनों की जांच की। जांच दौरान वाहन चालकों की जांच ब्रेथ एनलाइजर से की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई।

मंगलवार को यातायात निरीक्षक मनोज कुमार व टीएसआई योगेश कुमार यादव की टीम ने दो व चारपहिया वाहन, ई-रिक्शा, टैम्पो की जांच की। जांच दौरान बिना हेलमेट, तीन सवारी, ओवरलोड, ओवर स्पीड, बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट वाहनों की जांच की। टीएसआई ने ई-रिक्शा व टैम्पो चालकों को हिदायत दिया कि ओवरलोड सवारी न बैठायें। वाहनों में लाउडस्पीकर न लगायें। तेज गति से वाहन न चलायें। चिन्हित पार्किंग स्थलों पर ही वाहन खडा करें। शराब पीकर वाहन न चलायें। यातायात नियमों का पालन करें।

उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाते समय पकडे जाने पर भारी जुमार्ना किया जायेगा। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन, ईयरफोन का प्रयोग न करें। माल वाहक वाहनों की भी जांच की। माल वाहक वाहनों में सवारी न बैठाने के निर्देश दिये। इस दौरान ई-पेंडिंग चालान किया गया। इसके पूर्व सोमवार की रात यातायात निरीक्षक मनोज कुमार की अगुवाई में यातायात पुलिस ने पुरानी कोतवाली चैराहा व बेडीपुलिया तिराहे पर वाहन चालकों की ब्रेथ एनलाइजर से जांच की। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही की गई। इस मौके पर यातायात पुलिस टीम के दरोगा शैलेन्द्र सिंह, सिपाही देवेन्द्र राजपूत व नौशाद खां मौजूद रहे।

## संयुक्त टीम ने नष्ट किया 6500 किग्रा लहन नष्ट

## पुलिस की टीमों ने बडे पैमाने पर पकडी शराब



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सदर कर्वी राजबहादुर की अगुवाई में कोतवाली कर्वी क्षेत्र के कपसेठी व भैरोंपागा मे मंदाकिनी नदी किनारे पुलिस, प्रशासन व आबकारी की संयुक्त टीम ने छापेमारी की।

मंगलवार को जिला आबकारी अधिकारी आरपी यादव, तहसीलदार कर्वी राकेश पाठक की मौजूदगी में दबिश दी गई। दबिश में आबकारी निरीक्षक प्रफुल्ल सिंह, कृष्ण कुमार मिश्रा, सीतापुर चैकी प्रभारी प्रवीण सिंह व हमराही गण ने गहन तलाशी ली। तलाशी में 35 लीटर महुआ शराब बरामद हुई। 6500 किग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया। पांच शराब बनाने की भट्ठियों को नष्ट किया। बरामदगी के आधार पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर रैपुरा थानाध्यक्ष शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय एवं आबकारी निरीक्षक मानिकपुर राजकिशोर सिंह की अगुवाई में संयुक्त टीम ने क्षेत्र के देवकली, भौंरी, पैकोरामाफी, अगरहुण्डा, ओडकीमाफी में दबिश दी। मुखबिर की सूचना पर ओडकीमाफी से नानबाबू पुत्र स्व भवानीदीन के कब्जे से बीस लीटर महुआ शराब बरामद किया।

दो किग्रा यूरिया भी बरामद किया। इसे मिलावटी शराब बेंचने के आरोप में जेल भेजा है। भरतकूप थानाध्यक्ष सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा कन्हैयालाल पाण्डेय ने बाला प्रसाद त्रिपाठी पुत्र चिन्तामणि निवासी तिलकनगर अतर्रा बांदा को 210 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। भरतकूप के दरोगा इमरान खान ने मुन्ना कोल पुत्र स्व शिवप्रसाद कोल निवासी नई बस्ती टिटिहरा रोड अकबरपुर के कब्जे से बीस क्वार्टर देशी शराब के बरामद किया है। दरोगा त्रिलोकीनाथ मिश्रा की टीम ने गोरेलाल पुत्र बिन्दा निवासी पहरा के कब्जे से तीस क्वार्टर देशी शराब के बरामद कर शराब अधिनियम में चालान किया है।

## 50 लाख से अधिक लागत वाली निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक हुई आयोजित

**सुलतानपुर। जिलाधिका**री जसजीत कौर की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन के प्रेरणा सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक एवं 50 लाख से अधिक लागत से निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में नहरों की सिल्ट सफाई, सड़कों का निर्माण चौड़ीकरण एवं सुद्दढ़ीकरण, राज्यमार्गों की अनुरक्षण, सोलर पम्प सिंचाई, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, निराश्रित गोंवशों का संरक्षण, कृषि विभाग सहित आदि विभागों की योजनाओं की गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा नहरों की सिल्ट सफाई हेतु अधिशाषी अधिकारी सिंचाई से जानकारी प्राप्त की गयी। अधिशासी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य पूर्ण हो गया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी विद्युत से विद्युत बकाया के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी महोदया द्वारा सड़कों का निर्माण चौड़ीकरण एवं सुद्दढ़ीकरण के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी, अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0 द्वारा अवगत कराया गया कि कुल निमार्णाधीन 90 सड़कों में से 69 का निर्माण चैड़ीकरण एवं सुद्दढ़ीकरण कार्य पूर्ण हो गया है, शेष निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियन्ता नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया कि वे सड़कों का सर्वे कर स्थिति से अवगत करायें।

## न्यूज झरोखा

### गरीब बच्चों के बीच व्यापारी नेता ने मनाई होली, बच्चों को बांटे रंग-पिचकारी आदि



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शंकर बाजार कर्वी में अति पिछड़े क्षेत्र सेवा बस्तियों के बच्चों को भाजपा नेता/उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने जरूरतमंद बच्चों को रंग-पिचकारी आदि बांटकर होली मनाई।

मंगलवार को कर्वी नगर के खटकाना हरिजन बस्ती व मलीन बस्ती आदि क्षेत्रों के सैकड़ों जरूरतमंद बच्चों को समाजसेवी शानू गुप्ता के साथ व्यापारी प्रतिनिधियों ने रंग, पिचकारी, गुलाल, गुब्बारे, टोपी, मुखौटा, अबीर आदि सामग्री देकर सभी को होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। बच्चे रंग-पिचकारी आदि सामग्री पाकर खुशी से झूम उठे। समाजसेवी शानू गुप्ता ने कहा कि अति पिछड़े क्षेत्रों के जरूरतमंद बच्चों को प्रोत्साहित करना उन्हें प्रत्येक त्योहारों के अवसरों व संकट पर उनकी मदद-सेवा करना यही उनका दायित्व है। कहा कि परहित सेवा करना ही मानव जीवन का महत्वपूर्ण कार्य है।

इस मौके पर मंडल मंत्री विनोद आर्य, मंडल महामंत्री युवा शेशू जयसवाल, जिलाध्यक्ष महिला शकुंतला गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष सुनील जायसवाल, वरिष्ठ संगठन मंत्री विष्णु केसरवानी, उपाध्यक्ष स्वतंत्र गुप्ता, मंत्री मनीष गुप्ता, अतुल कुमार, वेदिका, आशीष सोनी, रवि अग्रहरी, राजाराम विश्वकर्मा, सुशील पांडे, अनिल कुमार, चुनकावन वर्मा, विक्रम कुमार, नंदू आदि बच्चे व्यापारी मौजूद रहे।

### राजातालाब में युवाओं द्वारा बनायी गयी भव्य होलिका, सात मार्च को दहन होगा

**वाराणसी मिजार्मुराद** । राजातालाब क्षेत्र के कचनार गाँव में स्थानीय नवयुवको व ग्रामीणों द्वारा सूखे पत्तों व सूखे लकड़ियों से होलिका सजाया गया है जिसे सात मार्च की रात को जलाया जाएगा विगत 13 वर्षो की भांति इस वर्ष भी होली का पर्व अश्लीलता बुराइयां अहंकार आपसी मतभेद अग्नि में विसर्जित करने का संकल्प लिया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार ने बताया कि इलाके के ग्रामीणों, युवाओं ने सूखे पत्तों व सुखी लकड़ी से होलिका सजा कर पर्यावरण संरक्षण करने के उद्देश्य से होलिका जलाया जाता है होलिका दहन सामाजिक एवं व्यक्तिगत बुराइयों का प्रतीक है आइए इस अवसर पर समाज में व्याप्त बुराइयों आपसी मतभेद का दहन कर खुशी प्रेम और उल्लास के प्रसार का संकल्प लें इस भव्य होलिका सजाने में प्रमोद चौहान, गोलू चौहान, सूरज चौहान, सुमित चौहान, पवन चौहान, अमन चौहान, पन्ना चौहान, चन्द्रमा चौहान, भाई लाल चौहान, संतोष चौहान, बब्बू पटेल, दिलीप चौहान आदि लोगों ने सहयोग दिया है। और आठ मार्च को एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली का पर्व बेहद सादगी से मनाया जाएगा।

### छात्रा कु0 नंदनी शर्मा को नगर पालिका का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त कर ईओ नीतू सिंह ने दिया प्रमाण पत्र

**बुलंदशहर।** सोमवार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पालिका परिषद शिकारपुर द्वारा दिनांक 22 फरवरी 2023 को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत वेस्ट टू वंडर प्रदर्शनी आयोजित की गई जिसमें अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह द्वारा अपने विचार व्यक्त करते हुए समस्त छात्र-छात्रा एवं गणमान्य नागरिकों से अपने-अपने क्षेत्र वार्ड में रहकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने तथा वार्ड ब्रांड एंबेसडर बनने की अपील की गई।

# कौन हैं जीक्यूजी के राजीव जैन, जो अदाणी समूह में 15,446 करोड़ के शेयर खरीदकर 'संकटमोचक' बने

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के प्रमोटरों ने अमेरिका की वैश्विक इक्विटी-निवेश कंपनी जीक्यूजी पार्टनर्स को 15,446 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी बेच दी। बता दें कि बीते 24 फरवरी को अदाणी समूह के संबंध में हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से एक रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद समूह के सभी शेयर धराशायी हो गए थे। अब जीक्यूजी के निवेश की खबर के बाद समूह की कंपनियों ने फिर से हरे रंग में कारोबार करना शुरू कर दिया है। सोमवार को शुरुआती बढ़त के बाद अदाणी समूह के शेयरों में बिकवाली दिखी। हालांकि इस बीच एक नाम काफी चर्चा में है और वह नाम है दिग्गज निवेशक राजीव जैन का। उन्होंने जब से अदाणी समूह में एंट्री मारी है जब से समूह के शेयरों में निवेशकों की रुचि एक बार फिर बढ़ गई है।

**जीक्यूजी के लिए निवेश की रणनीति तैयार करते हैं राजीव जैन**

राजीव जैन जीक्यूजी पार्टनर्स के चेयरमैन और चीफ इंवेस्टमेंट ऑफिसर हैं। वे जीक्यूजी के लिए निवेश की रणनीति तैयार करते हैं। जीक्यूजी से पहले वे वॉनटोबेल एसेट मैनेजमेंट के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर के रूप में भी काम कर चुके हैं। पोर्टफोलियो के रूप में उन्होंने वर्ष 1994 में काम करना शुरू किया था। उनके नेतृत्व में जीक्यूजी निवेश क्षेत्र में 92 अरब डॉलर का पावरहाउस बन चुका है।

**राजीव जैन ने 2016 में की थी जीक्यूजी की शुरुआत**

ऐसे तो राजीव जैन का जन्म भारत में हुआ था पर वे 1990 में अमेरिका चले गए। वहां पहुंचकर उन्होंने मियामी यूनिवर्सिटी में एमबीए करने के लिए दाखिला लिया। साल 1994 में उन्होंने वॉनटोबेल ज्वाइन किया। 2002 तक वे कंपनी के चीफ इन्वेस्टमेंट मैनेजर बन गए। वर्ष 2016 में उन्होंने जीक्यूजी की शुरुआत की। उनके अगुवाई में वॉनटोबेल इमर्जिंग मार्केट ने दस वर्ष में 70 फीसदी तक का रिटर्न देने की उपलब्धि हासिल की। यह एमएससीआई के इमर्जिंग बाजारों से जुड़े फंड्स का लगभग दोगुना है। जीक्यूजी ने वर्ष 2021 में ऑस्ट्रेलिया में अपना आईपीओ लॉन्च किया और 893 मिलियन डॉलर



की रकम जुटाई।

**अदाणी समूह के पास बढ़िया असेट्स और वे शानदार वैल्यूऐशन पर उपलब्ध:राजीव जैन**

बीते हफ्ते अदाणी समूह की ओर से बताया गया कि जीक्यूजी ने 15446 करोड़ रुपये का निवेश कर अदाणी समूह की चार कंपनियों में हिस्सेदारी खरीदी है। उसके बाद से अदाणी समूह के शेयरों में बढ़िया मजबूती दिखी। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलियन फाइनेशियल रिव्यू से बातचीत में राजीव जैन ने कहा कि अदाणी समूह के पास शानदार असेट्स हैं और उससे भी बढ़िया ये हैं कि वे बहुत ही आकर्षक वैल्यूएशन पर उपलब्ध है। बीते पांच वर्षों से उनकी नजर समूह के शेयरों पर थी पर तब वे महंगे थे। राजीव जैन ने भरोसा जताया है कि समूह में उनका निवेश सकारात्मक साबित होगा। जैन के मुताबिक भारत में 25 फीसदी एयर ट्रैफिक अदाणी समूह की ओर से संचालित हवाई अड्डों से गुजरते हैं। कार्गो वॉल्यूम में भी 25 से 40 फीसदी तक अदाणी समूह की कंपनी अदाणी पोर्ट्स की हिस्सेदारी है।

**तेल, तंबाकू और बैंकिंग जैसे कारोबार पर दांव लगाते हैं राजीव जैन**

उनके लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार, राजीव जैन जीक्यूजी की लॉन्ग-ओनली इक्विटी रणनीतियों के लिए पोर्टफोलियो मैनेजर और एक विश्लेषक के रूप में भी काम करते हैं। उनके अधिकांश सफल निवेश दांव तेल, तंबाकू और बैंकिंग जैसे पारंपरिक व्यावसायों में हैं। ऑस्ट्रेलियाई स्टॉक एक्सचेंज पर जीक्यूजी की फाइलिंग के अनुसार, जहां यह अक्टूबर 2021 में लिस्ट हुआ था, जैन के पास कंपनी की 69त्न हिस्सेदारी है जिसका मूल्य लगभग 2 अरब डॉलर है। राजीव जैन जीक्यूजी पार्टनर्स के चेयरमैन और चीफ इंवेस्टमेंट ऑफिसर हैं। वे जीक्यूजी के लिए निवेश की रणनीति तैयार करते हैं। जीक्यूजी से पहले वे वॉनटोबेल एसेट मैनेजमेंट के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर के रूप में भी काम कर चुके हैं। पोर्टफोलियो के रूप में उन्होंने वर्ष 1994 में काम करना शुरू किया था। उनके नेतृत्व में जीक्यूजी निवेश क्षेत्र में 92 अरब डॉलर का पावरहाउस बन चुका है।

## भारत का रूस से कच्चा तेल आयात रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, इराक-सऊदी से भी अधिक

**नई दिल्ली।** भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात फरवरी में बढ़कर रिकॉर्ड 16 लाख बैरल प्रतिदिन के स्तर पर पहुंच गया। वर्टेक्सा के मुताबिक, भारत जितनी मात्रा में कच्चा तेल आयात करता है, उसकी एक तिहाई से अधिक आपूर्ति अकेले रूस ने की है। वह लगातार 5वें माह भारत को क्रूड का इकलौता सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।




फरवरी, 2022 से पहले तक भारत के तेल आयात में रूस की हिस्सेदारी एक फीसदी से भी कम होती थी। लेकिन, फरवरी, 2023 में यह 35फीसदी पहुंच गई। सऊदी अरब से आयात में 16 फीसदी और अमेरिकी आयात में 38 फीसदी की कमी आई है। भारत रूस से जितना तेल आयात करता है, वह दशकों से उसके आपूर्तिकर्ता रहे इराक और सऊदी अरब के कुल आयात से अधिक है। इराक ने फरवरी में 9,39,921 बैरल प्रतिदिन व सऊदी अरब ने 6,47,813 बैरल प्रतिदिन तेल की आपूर्ति की। यह बीते 16 माह में इराक व सऊदी अरब से हुई सबसे कम आपूर्ति है। फरवरी में यूएई ने 4,04,570 बैरल प्रतिदिन की आपूर्ति कर अमेरिका को पीछे छोड़ दिया।

## भारत की प्रति व्यक्ति आय 2014-15 के बाद हुई दोगुनी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 2014-15 में सत्ता में आने के बाद से वर्तमान मूल्य पर देश की प्रति व्यक्ति आय दोगुनी होकर 1,72,000 रुपये पर पहुंच गई है। हालांकि आय का असमान वितरण एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) के मुताबिक मौजूदा कीमतों पर प्रति व्यक्ति वार्षिक आय (शुद्ध राष्ट्रीय आय) वित्त वर्ष 2022-23 में 1,72,000 रुपये रहने का अनुमान है जो वर्ष 2014-15 के 86,647 रुपये से करीब 99 फीसदी अधिक है। वहीं, वास्तविक मूल्य (स्थिर दाम) पर देश की प्रति व्यक्ति आय इस दौरान करीब 35 फीसदी बढ़ी है। वर्ष 2014-15 में यह 72,805 रुपये थी जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 98,118 रुपये रहने का अनुमान है।

जानी-मानी अर्थशास्त्री जयती घोष ने मौजूदा मूल्य पर प्रति व्यक्ति आय दोगुना होने के बारे में कहा, ''देश की जीडीपी को मौजूदा मूल्यों पर देखा जा रहा है, लेकिन यदि इस दौरान की मुद्रास्फीति पर भी गौर करेंगे तो पाएंगे कि यह वृद्धि बहुत कम है।'' इसके साथ ही उन्होंने आय के वितरण को अहम बताते हुए कहा, ''ज्यादातर वृद्धि आबादी के शीर्ष दस फीसदी लोगों के खाते में गई है। इसके विपरीत औसत वेतन घट रहा है और वास्तविक संदर्भ में तो संभवत- यह और भी कम हो गया है।'' एनएसओ के मुताबिक कोविड काल के दौरान प्रति व्यक्ति आय वास्तविक और मौजूदा दोनों ही मूल्यों के लिहाज से गिरी थी। हालांकि वर्ष 2021-22 और 2022-23 के दौरान इसमें वृद्धि देखी गई।

## Ramakrishna फोर्जिंग्स की 85 मेगावाट क्षमता की सौर इकाई लगाने की योजना

**वाशिंगटन।** रामकृष्ण फोर्जिंग्स करीब 85 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के लिए अगले 12 महीनों में बड़ा निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी ललित खेतान ने पीटीआई-के साथ बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर में 75 मेगावाट और सरायकेला एवं दुगनी संयंत्रों में



आठ मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं लगाने की तैयारी है। कोलकाता स्थित यह कंपनी कार्बन एवं अलॉय स्टील और स्टेनलेस स्टील फोर्जिंग का विनिर्माण एवं आपूर्ति करती है।उन्होंने कहा कि कंपनी के सरायकेला एवं दुगनी संयंत्रों में हरित ऊर्जा इकाई लगाने पर करीब 35 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। हालांकि खेतान ने जमशेदपुर संयंत्र में 75 मेगावाट की इकाई लगाने पर किए जाने वाले निवेश की जानकारी नहीं दी। वैसे स्थापित मानकों के हिसाब से एक मेगावाट क्षमता की नवीकरणीय ऊर्जा इकाई लगाने पर करीब पांच करोड़ रुपये की लागत आती है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं की मदद से कंपनी को वर्ष 2030 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्य हासिल करने में मदद मिलेगी।

# शेयर बाजार में अब भी निवेश के अवसर, फिक्स्ड आय वाले साधनों में पैसे लगाना बेहतर

**मुंबई।** शेयर बाजार में पिछले कुछ समय से भारी उतार-चढ़ाव का दौर है। सेंसेक्स कभी 500 अंक गिर जाता है तो कभी 900 अंक तक बढ़ जाता है। बाजार की यह चाल उन निवेशकों को ज्यादा परेशान करती है, जो नए हैं या बस अनुमान और रिपोर्ट के आधार पर निवेश करते हैं। ऐसे निवेशकों को तो रुढ़िवादी निवेश के साधनों को अपनाना चाहिए। पर, अगर आप लंबे समय के लिए निवेश में बने रहना चाहते हैं तो अन्य साधनों की तुलना में यहां बेहतर फायदा मिल सकता है।

दरअसल, शेयर बाजार का रिटर्न कभी भी सीधी रेखा में नहीं होता है। ऐसे में उतार-चढ़ाव से अगर आप घबरा रहे हैं तो फिर आपके लिए किसी फिक्स्ड आय वाले साधनों में निवेश करने पर विचार करना चाहिए। बाजार हमेशा एक घूमाव वाले रास्ते पर ही चलता है। लेकिन, लंबे समय में इसका जो परिणाम होता है, वह




आपको फायदे के रूप में ही मिलता है।

यहां तक कि 2008, 2013 और 2020 में बाजार की भारी भरकम गिरावट को देखें तो उसके बाद निवेशकों को जितना लाभ मिला है, वह सामान्य दिनों में नहीं मिला है। पिछले तीन महीने से बाजार की ऐसी ही कुछ दिशा और दशा रही है। जनवरी में 28,852 करोड़ रुपये और फरवरी में 5,294 करोड़ रुपये शेयर बाजार से निकालने के बाद विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मार्च के पहले ही तीन दिनों में अच्छी खासी खरीदारी की है। आंकड़े बताते हैं कि मार्च में 8,939 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं। यानी रुझान यह है कि लगातार निकासी कर रहे एफआईआई अब वापसी कर रहे हैं तो निश्चित तौर पर बाजार पर इसका सकारात्मक असर दिखेगा।

**बाजार में दिख रहा है स्थिरता का रुझान**

बाजार में भले ही उतार-चढ़ाव है, पर अब स्थिरता दिख रही है। जनवरी के अंतिम सप्ताह में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद से जो बवाल मचा था, वह अब शांत होता नजर आ रहा है। पिछले सप्ताह के चार कारोबारी दिन में अदाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में 57 फीसदी तक की बढ़त आ चुकी है। कंपनियों का बाजार पूंजीकरण भी 1.74 लाख करोड़ रुपये बढ़ चुका है।

इससे पता चल रहा है कि यह तूफान थमता नजर आ रहा है। साथ ही, अदाणी समूह ने 21 करोड़ शेयर बेचकर 15,446 करोड़ जुटाकर बैलेंसशीट को मजबूत करने की कोशिश की है।

## भारतीय रुपये में बढ़ा कारोबार, छह माह में खुले 49 वोस्ट्रो खाते



**नई दिल्ली।** भारतीय मुद्रा यानी रुपये में विदेश व्यापार को बढ़ावा देने की सरकार की नीति रफ्तार पकड़ने लगी है। यही वजह है कि सिर्फ 6 महीने में ही 49 विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) खोले जा चुके हैं। कई खातों को नियामक की मंजूरी का इंतजार है। इन खातों के जरिये आठ देशों रूस, मॉरीशस, श्रीलंका, मलयेशिया, म्यांमार, सिंगापुर, इस्राइल और जर्मनी के साथ रुपये में व्यापार हो सकेगा। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद रूस पर पश्चिमी देशों की पाबंदियों को देखते हुए भारत रुपये में विदेशी लेनदेन को बढ़ाने के निरंतर प्रयास कर रहा है। रुपये में कारोबार को लेकर श्रीलंका से बातचीत जारी है। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने इस पर चर्चा आयोजित की थी। बैंक ऑफ सीलोन, एसबीआई, इंडियन बैंक के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा किए।

आरबीआई ने जुलाई, 2022 में घरेलू मुद्रा में सीमा-पार कारोबारी लेनदेन पर निर्देश जारी किए थे। इसके बाद रूस के सबसे बड़े बैंक स्बेरबैंक व दूसरे सबसे बड़े बैंक वीटीबी बैंक जुलाई, 2022 में रुपये में व्यापार की मंजूरी पाने वाले पहले विदेशी बैंक बने थे।

## Britannia 'आधी आबादी' को नौकरी में देगी आधी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज वर्ष 2024 तक अपने कर्मचारियों में महिलाओं की संख्या बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक ले जाने की योजना बना रही है। फिलहाल कंपनी में 41 प्रतिशत कर्मचारी महिलाएं हैं। ब्रिटानिया के विनिर्माण एवं कारखाना प्रमुख इंद्रनील गुप्ता नेसंवाददाताओं के साथ बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, ब्रिटानिया की देशभर में 15 अपनी विनिर्माण इकाइयां और 35 अनुबंधित एवं फ्रेंचाइजी इकाइयां हैं जिनमें लगभग एक लाख कर्मचारी काम करते हैं।कंपनी 2024 के अंत तक महिला कर्मियों की संख्या मौजूदा 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर देगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल कंपनी की मदुरै इकाई में लगभग 1,400 कर्मचारी काम करते हैं जिनमें से 65 प्रतिशत महिलाएं हैं। इस संयंत्र में महिला कर्मियों की संख्या अगले साल तक बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दी जाएगी। गुप्ता ने महिला कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने पर जोर देने की वजह के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'महिलाएं स्वच्छता पर ज्यादा ध्यान देती हैं।

## Ma& Estates को नोएडा में कार्यालय परिसर से सालाना 70 करोड़ रुपये की आमदनी होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** मैक्स समूह की रियल्टी इकाई मैक्स एस्टेट्स ने नोएडा में 420 करोड़ रुपये की लागत से कार्यालय परिसर का निर्माण पूरा कर लिया है और इस परियोजना से उसे किराए के रूप में सालाना 70 करोड़ रुपये की आमदनी होने की उम्मीद है। मैक्स एस्टेट्स ने बताया कि उसे नोएडा के सेक्टर 129 में मैक्स स्क्वेयर परियोजना के पूरा होने का प्रमाण-पत्र मिल गया है। इस परियोजना में करीब 6.7 लाख वर्गफुट क्षेत्र पट्टे पर दिया जा सकता है।परियोजना में न्यूयॉर्क लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की हिस्सेदारी 49 फीसदी है। कंपनी ने कहा, ''हमने 1,00,000 वर्गफुट से अधिक क्षेत्र पट्टे पर पहले ही दे दिया है। चालू वित्त वर्ष के अंत तक 25 फीसदी इमारत को पट्टे पर दे देंगे।'' उसने बताया कि पूरी परियोजना के पट्टे पर जाने के बाद उसे इससे किराए के रूप में 60 से 70 करोड़ रुपये की वार्षिक आय होने की उम्मीद है।

# खतरनाक तरीके से 'हिंदू विकास दर' के करीब है भारत, जीडीपी में गिरावट चिंताजनक

**मुंबई।** आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था खतरनाक तरीके से 'हिंदू विकास दर' के करीब पहुंच गई है। निवेश में निजी क्षेत्र की घटती अनिच्छा, रिजर्व बैंक के लगातार दरें बढ़ाने व इस साल भी वैश्विक विकास दर में गिरावट की आशंका को देखते हुए नहीं पता कि हमें विकास दर तेज करने की गति ... दर 6.3 फीसदी थी। वहीं, पिछले अप्रैल-जून के बीच यह 13.2 फीसदी थी।




**5फीसदी दर हासिल की तो होंगे भाग्यशाली**

मुख्य सवाल यह है कि 2023-24 में भारत का विकास कैसा रहेगा। अगर हम 5 फीसदी की वृद्धि दर हासिल करते हैं, तो हम भाग्यशाली होंगे। अक्तूबर-दिसंबर के नवीनतम आंकड़े वर्ष की पहली छमाही में प्रमुख आंकड़ों से धीमी वृद्धि का संकेत देते हैं। -रघुराम राजन, पूर्व गवर्नर, रिजर्व बैंक

**अदाणी पर मॉरिशस के फंडों की तह तक क्यों नहीं पहुंचा सेबी :**अदाणी पर कहा, मुद्दा यह है कि कारोबार व सरकार के गैर-पारदर्शी संपर्क को कैसे कम किया जाए। सेबी अब तक मॉरिशस के उन फंडों की तह तक क्यों नहीं पहुंचा है, जो अदाणी के शेयरों में कारोबार कर रहे हैं?

**हिंदू विकास दर का मतलब...**

भारत में 1950 से 1980 के दशकों के बीच जीडीपी की 3.5फीसदी की बेहद धीमी विकास दर को हिंदू विकास दर कहा जाता है। 1978 में अर्थशास्त्री राज कृष्ण ने पहली बार 'हिंदू विकास दर' शब्द का इस्तेमाल किया था। इस दौरान प्रति व्यक्ति आय औसतन 1.3फीसदी की दर से बढ़ी थी।

## मेटा ने फिर बनाई हजारों और कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, वॉट्सऐप और इंस्टाग्राम की पैरेंटल कंपनी मेटा अगले दौर की छंटनी करने की योजना बना रही है। रिपोर्ट के मुताबिक मेटा इस हफ्ते की शुरूआत में हजारों कर्मचारियों को निकाल देगा। रिपोर्ट के मुताबिक मेटा के निदेशकों और उपाध्यक्षों से उन कर्मचारियों की लिस्ट बनाने को कहा गया है, जिन्हें छंटनी के इस दौर में जाने दिया जा सकता है। मेटा ने पिछले साल छंटनी के पहले दौर में 11 हजार कर्मचारियों को निकाल दिया था, जो पूरी वर्कफोर्स का 13 फीसदी था। कंपनी ने अपने 18 साल के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी की थी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल बड़े पैमाने पर कर्मचारियों को निकालने का ऐलान कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग ने किया था। जुकरबर्ग ने इसकी वजह गलत फैसलों से रेवेन्यू में आई गिरावट को बताया था। सितंबर, 2022 के अंत तक मेटा में करीब 87,314 कर्मचारी थे।


**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


# देश भर में व्यापारियों ने अमेजन और फ्लिपकार्ट के पुतलों की होली जलाई

**नई दिल्ली।** सरकार की एफडीआई नीति के निरंतर घोर उल्लंघन और अमेजन एवं फ्लिपकार्ट जैसी विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों की मनमानी के खिलाफ अपना आक्रोश दर्ज कराने के लिए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के झंडे तले व्यापारियों ने सोमवार को दिल्ली के घंटाघर, चांदनी चौक पर अमेजन और फ्लिपकार्ट के पुतलों की होली जलाई।

कैट के आह्वान पर देश के विभिन्न राज्यों के 300 से अधिक शहरों में व्यापारिक संगठनों ने इसी तरह के विरोध प्रदर्शन कर अमेजन एवं फ्लिपकार्ट के पुतलों की होली जलाई। कैट ने सरकार से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत ई-कॉमर्स नियमों को तुरंत लागू करने और एक ई-कॉमर्स नीति को तुरंत लागू करने की पुरजोर मांग की है। साथ ही यह भी आग्रह किया है कि सेबी और ट्राई की तर्ज पर ई-कॉमर्स व्यापार को रेगुलेट करने के लिए एक सशक्त नियामक प्राधिकरण का भी गठन किया जाए।

देश में ई-कॉमर्स व्यवसाय को बेहद विषाक्त करने तथा उसके स्वरूप को विकृत करने के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए दिल्ली के प्रमुख व्यापारिक संगठनों से जुड़े व्यापारियों ने बड़ी संख्या में चांदनी चौक के घंटाघर में एकत्रित होकर और हाथों में




अमेजन और फ्लिपकार्ट के पुतले लेकर नारेबाजी की। अमेजन के जेफ बेजोस और वॉलमार्ट के डग मैकमिलन के चेहरे पुतलों पर चिपकाये गए थे, जो व्यापारियों के जबरदस्त गुस्से का इजहार कर रहे थे। जबरदस्त नारेबाजी के बीच कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने दोनों पुतलों को आग के हवाले करते हुए कहा कि यह अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए भी एक चेतावनी है, जो न केवल सामानों की आपूर्ति में बल्कि खाद्यान्न, ट्रेवल और पर्यटन, मनोरंजन, कैब सेवाएं, टिकटिंग, खाद्य पदार्थों की डिलीवरी, दवाओं की ऑनलाइन डिलीवरी, शिक्षा एवं ऑनलाइन गेम सहित अन्य रिटेल क्षेत्रों में अपनी मनमानी करते हुए व्यापारियों के व्यापार को नुकसान पहुंचा रही हैं। कैट अन्य राष्ट्रीय स्तर के संगठनों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगा कि ऐसी ई-कॉमर्स कंपनियां या तो नियमों का पालन करें या अपनी व्यावसायिक गतिविधियों को भारत में बंद कर दें।कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सरकार से ई-कॉमर्स कंपनियों के व्यापार मॉड्यूल की जांच करने का जोरदार आग्रह किया, क्योंकि हर कंपनी साल दर साल अपने व्यापार में भारी नुकसान दिखा रही है। इसके बावजूद देश में अपनी व्यावसायिक गतिविधियों को जारी रखे हुए है। ऐसा प्रतीत होता है कि ये कंपनियां रॉयल्टी के रूप में भारी मात्रा में पैसा अपने मूल देशों में स्थानांतरित कर रही हैं और भारत में घाटा दिखाकर टैक्स देने से मुंह चुरा रही हैं।

भरतिया एवं खंडेलवाल ने कहा कि ई-कॉमर्स नीति एवं ई-कॉमर्स के नियमों को लागू करने का मामला लंबे समय से लंबित है। जब अन्य सभी व्यवसायों के लिए नियम और कानून बनाए गए हैं तो ई-कॉमर्स के लिए नियम-कानून क्यों नहीं बनाए जा रहे हैं। नियम-कानून के अभाव में ई-कॉमर्स कंपनियां देश के खुदरा व्यापार को काफी हद तक नुकसान पहुंचा रही हैं। यदि तत्काल आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, तो वह दिन दूर नहीं जब देश के खुदरा व्यापार का एक बड़ा हिस्सा विदेशी कंपनियों द्वारा नियंत्रित और कब्जा कर लिया जाएगा। भरतिया और खंडेलवाल ने कहा कि ई-कॉमर्स की विकृत प्रकृति के कारण देश का खुदरा और थोक व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है, खासकर मोबाइल और मोबाइल एक्सेसरीज, किराना, मसाले, एफएमसीजी उत्पाद, गिफ्ट आइटम, रेडीमेड गारमेंट्स, जूते , चश्मा, घड़ियां, फार्मेसी, इलेक्ट्रॉनिक्स, फर्नीचर, होम फर्निशिंग, खिलौने, सब्जियां, सूखे मेवे, खाने का सामान, रसोई के उपकरण, बिल्डर हार्डवेयर, कार्यालय उपकरण, स्टेशनरी, कागज, बिजली के सामान आदि का कारोबार। उन्होंने यह भी कहा कि अगर यही स्थिति बनी रही तो, तो ये कंपनियां अपनी मनमानी कर बाकी के सारे धंधे अपने हाथ में ले लेंगी। कैट ने सरकार से देश में करोड़ों लोगों की आजीविका से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर तत्काल संज्ञान लेने का आह्वान किया है।